## न्यूज ब्रीफ

### हज यात्रियों के लिए मेडिकल हेल्थ चेकअप व वैक्सीनेशन 17 को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि उप्र राज्य हज कमेटी लखनऊ के माध्यम से जनपद से हज यात्रा 2026 पर जाने वाले आज़मीन के मेडिकल हेल्थ चेकअप व वैक्सीनेशन के लिए नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जली कोठी में 17 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे निर्धारित की है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाया शिविर

**तिलहर, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से ग्राम बिलहरा में पर्यावरण संरक्षण थीम के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर का आरंभ स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ किया। कार्यक्रम अधिकारी शशिभूषण और पूर्व कार्यक्रम अधिकारी नरेश पाल के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने पूर्व में रोपित पौधों के संरक्षण का कार्य किया। शिविर में वंश, कपिल, मोहित, मानसी, शिवानी सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### पंजीकरण कराते ही उपलब्ध होगा बीज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने जनपद के कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि पंजीकरण कराते ही किसानों को बीज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कृषकों को बताया 16 फरवरी से किसी भी कार्य दिवस में उनके कार्यालय, राजकीय अलंकृत उद्यान व डीएम कम्पाउण्ड से बीज व निवेश प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि समस्त कृषक अपना आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पासबुक की फोटो कॉपी व पासपोर्ट साईज फोटो साथ अवश्य लायें।

### घायल बच्चे की अस्पताल में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हरदोई जिले के थाना मझिला के गांव एलमापुर अडौआ निवासी सद्दाम हुसैन का छह वर्षीय पुत्र रसूल शाह अपने परिवार के साथ शाहाबाद थाना क्षेत्र के सराय में रहने वाली मौसी के घर गया था। 2 फरवरी को घर के बाहर खेल रहा था। कार ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया था। परिवार वालों ने उसे यहां मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। गुरुवार की सुबह बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गयी। चौक कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना शाहाबाद थाना क्षेत्र की है।

# शिक्षा से अधिक शक्तिशाली हथियार कोई नहीं : प्रो. पांडेय

## भारतीय ज्ञान परंपरा आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला विषय पर हुई शैक्षिक संगोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के शिक्षक शिक्षा विभाग एवं भारतीय शिक्षा शोध संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला विषय पर आधारित एक दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी हुई।




शैक्षिक संगोष्ठी में सेवानिवृत संकायाध्यक्ष प्रोफेसर एनएन पांडेय, शिक्षा संकाय के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर रमेश धर द्विवेदी, मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती व अन्य।

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के सेवानिवृत्त संकायाध्यक्ष प्रोफेसर एनएन पांडेय ने कहा कि शिक्षा से अधिक शक्तिशाली हथियार कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में पहली बार यह स्वीकार किया गया है कि हमारे पास ज्ञान की एक अथाह एवं समृद्ध परंपरा है जो वर्तमान में हमारे मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर सकती है। भारतीय परंपरा में ज्ञान का संरक्षण एवं हस्तांतरण अत्यंत महत्वपूर्ण था, यही वजह थी कि ज्ञान के प्रत्येक क्षेत्र में भारत का दखल था।

विशिष्ट अतिथि यूपी कॉलेज, वाराणसी के शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रमेश धर द्विवेदी ने कहा कि हमारे ऋषि मुनियों ने ग्रहों एवं तारों की गति को आधुनिक विज्ञान से कहीं अधिक सटीकता से देखा एवं समझा था। भारतीय ज्ञान मुख्यतः सूत्रों के रूप में विद्यमान है। किसी प्रायोगिक प्रमाण की अनुपलब्धता के कारण एवं मात्र निष्कर्ष को ही उल्लिखित करने के कारण हम उसको भली-भांति पहचान में असमर्थ हैं। इसलिए आज परंपराओं को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता वर्धमान कॉलेज बिजनौर के शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सीएस शुक्ल ने कहा कि शिक्षा का अंतिम उद्देश्य मोक्ष प्राप्ति है। उन्होंने भारत, ज्ञान एवं परंपरा को विधिवत परिभाषित करते हुए कहा कि हमारी परंपरा में ''अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम'' की भावना अंतर्निहित थी। मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि आज विश्व अत्यंत द्रुत गति से परिवर्तित हो रहा है। हमें इस बदलती हुई व्यवस्था एवं तंत्र के लिए स्वयं को तैयार करना है। पुस्तकों से प्राप्त विरासत को समसामयिक बनाने के लिए हमें अपने आप को तैयार करना चाहिए। यदि हम शिक्षा का सामाजिक, पारिवारिक एवं राष्ट्रीय जीवन में चुनौतियों का सामना करने के लिए उपयोग कर सकेंगे, तो ही हमारी शिक्षा सफल होगी। इस अवसर पर प्रोफेसर सीएस शुक्ल की दो पुस्तक शिक्षा मनोविज्ञान व भारतीय एवं पाश्चात्य शिक्षाविद, शिक्षक शिक्षा संकाय की संकायाध्यक्ष प्रोफेसर मीना शर्मा एवं डॉ शैलजा मिश्रा की संयुक्त रूप से लिखित पुस्तक अधिगम और अभिप्रेरणा का मनोविज्ञान का विमोचन स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने किया। संकाय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर प्रभात शुक्ल, डॉ मनोज मिश्र, डॉ अखिलेश तिवारी, डॉ राहुल शुक्ला, डॉ अरविंद शुक्ल, डॉ शिशिर शुक्ला, डॉ प्रशांत अग्निहोत्री, प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद, सचिव प्रोफेसर अवनीश मिश्र समेत शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर, ट्रैक्टर भी बरामद नहीं

**खुटार, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत चांदपुर की गांव सभा पहाड़पुर निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि वर्ष 2025 में उसकी मुलाकात जनपद गोंडा के तुलसीपुर गांझापूरे डली नवाबगंज निवासी दुर्गेश पुत्र बेचेलाल से हुई थी। आरोपी ने किराए पर ट्रैक्टर चलवा देने की बात कहकर उसकी पहचान बसावन कपूरवा जेठवारा लालगंज जनपद प्रतापगढ़ निवासी कुलदीप सिंह पुत्र अखिलेश सिंह से कराई थी। प्रदीप कुमार उसकी बातों में आ गए और ट्रैक्टर को किराए पर चलवाने को भेज दिया था। इसके एवज में तीस हजार रुपये तीन माह का किराया भी दे दिया था। उक्त आरोपी दुर्गेश कुमार व कुलदीप सिंह ने उसका ट्रैक्टर गायब कर दिया और पैसा भी नहीं दिया। तो पूरे मामले की जानकारी हो पाई। जबकि उक्त आरोपी इससे पहले कई अन्य लोगों के ट्रैक्टरों को इसी तरह से लाकर बेच चुके हैं। रिपोर्ट दर्ज होने के कई दिन हो जाने के बाद भी खुटार पुलिस ने आरोपियों को नहीं पकड़ा और न ही किराए के बहाने ले जाकर गायब किए गए ट्रैक्टर को बरामद कर पाई है। जिसको लेकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# तालाब, मंदिर व गोशाला का किया निरीक्षण



खुदागंज में वंदन योजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते अपर जिलाधिकारी प्रशासन। • अमृत विचार

- एडीएम ने वंदन योजना के कार्यों को देखा
- आगामी माह तक कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने नगर पंचायत खुदागंज में नगर विकास विभाग की वंदन योजना एवं अन्य योजनाओं के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों निर्माणाधीन तालाब, मंदिर और गोशाला का स्थलीय निरीक्षण किया।

अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यों को आगामी माह तक पूर्ण कराया जाए। कान्हा गोशाला में तीन टीन शेड, चारे के लिए स्टोर और भूसे की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। यहां साफ-सफाई और अभिलेख-पंजीकाएं व्यवस्थित मिलीं। कार्यालय में कार्यरत या सेवानिवृत्त किसी भी कर्मचारी का सेवा संबंधी प्रकरण लंबित नहीं पाया गया। स्वीकृत सभी कार्य शीघ्र पूर्ण कर उपयोगिता प्रमाण-पत्र भेजने के निर्देश दिए गए। इसी दिन विकास खंड खुदागंज कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। उपस्थिति पंजिका और भ्रमण पंजिका सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया गया।

कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं की जांच की गई। साफ-सफाई और अभिलेखों का रखरखाव संतोषजनक पाया गया। मनरेगा से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा ब्लॉक परिसर में संचालित एसआईआर से संबंधित कार्यों को देखा गया, जिनकी स्थिति संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी अरविंद दुबे, अधिशासी अधिकारी नूरजहां स्टाफ सहित उपस्थित रहीं।

# शौचालय निर्माण के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



शौचालय निर्माण की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देते समिति सदस्य। • अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** मानव जीवन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुरेश शर्मा और पप्पू शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने एसडीएम सदानंद सरोज को ज्ञापन दिया।

समिति ने बताया कि कच्छयानी मंदिर पर मंगलवार को हजारों भक्त अधिक संख्या में दर्शन को आते हैं। भक्तों की सुविधा और महिलाओं की सुरक्षा के लिए सुलभ शौचालय निर्माण की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में चंद्रकांता त्रिवेदी, सुबोध कुमार, माया देवी, इशिका शर्मा, संजीव कुमार शामिल रहे। एसडीएम ने शीघ्र निरीक्षण कर निर्माण कराने का आश्वासन दिया।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में भाकियू ने दिया ज्ञापन

**तिलहर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह लोधी ने पदाधिकारियों के साथ एसडीएम सदानंद सरोज को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध करते हुए कृषि और डेरी क्षेत्र को शुल्क मुक्ति या अधिक रियायत न देने, एमएसपी प्रणाली को कमजोर न करने और अंतिम समझौते से पहले किसान संगठनों व राज्यों से परामर्श की मांग की गई। संसद में समझौते की शर्तों पर स्पष्ट चर्चा की भी मांग उठाई गई। ज्ञापन देने वालों में रमेश शर्मा, अब्दुल, बदन सिंह, दिनेश कुमार, बुधपाल, राजवीर, गेंदालाल, अरविंद प्रताप सिंह शामिल रहे। एसडीएम ने ज्ञापन उच्च अधिकारियों को भेजने का आश्वासन दिया।

# क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी में उत्कृष्ट कलाकार सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी में उत्कृष्ट कलाकारों को सम्मानित करते अतिथि। • अमृत विचार

- स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में हुआ समारोह, 200 कलाकृतियां प्रदर्शित

**अमृत विचार :** राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश व स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी बरेली क्षेत्र 2025-26 का पुरस्कार वितरण समारोह कॉलेज परिसर में हुआ।

मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता व पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि कला मानवीय संवेदनाओं की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति है और ऐसे आयोजन युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. आरके आजाद ने शैक्षणिक गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक और कलात्मक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के प्रयासों का उल्लेख किया। प्रबंध समिति के सचिव प्रो. डॉ. अवनीश कुमार मिश्र ने कहा कि शिक्षण संस्थानों का दायित्व विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है, जिसमें कला की अहम भूमिका है।

राज्य ललित कला अकादमी के सदस्य डॉ. दुर्जन सिंह राना ने प्रदर्शित विविध विधाओं की कलाकृतियों की सराहना की। अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि इस संयुक्त प्रदर्शनी का उद्देश्य बरेली क्षेत्र के प्रतिभाशाली कलाकारों को राज्य स्तर पर पहचान दिलाना है और ऐसे आयोजन आगे भी जारी रहेंगे। प्रदर्शनी आयोजन समिति की ओर से उप-प्राचार्य प्रो. डॉ. अनुराग अग्रवाल, चित्रकला विभाग प्रभारी डॉ. अर्चना गर्ग व आयोजक डॉ. प्रज्ज्वल पुंढीर ने अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। प्रदर्शनी में बरेली क्षेत्र के 50 से अधिक कलाकारों की लगभग 200 कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं, जिनमें चित्रकला, मूर्तिकला और ग्राफिक्स सहित विभिन्न विधाएं शामिल रहीं। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकार डॉ. आशीष कुमार सिंह और प्रतीक्षा अवस्थी को मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर निर्देशक अमित कुमार अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष व प्रमुख सचिव अमृत अभिजात आईएएस आदि मौजूद रहे।

# क्विज में साध्या को प्रथम स्थान




संत कृपाल एकेडमी में हुई क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- संत कृपाल एकेडमी में हुई क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया भाग

**अमृत विचार :** संत कृपाल एकेडमी में प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में गुरूवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर श्वेता रस्तोगी ने बताया की प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों के सामान्य ज्ञान को बढ़ाना और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना था।

प्रतियोगिता का संचालन शिक्षिका रतन प्रिया और नीलोफर ने किया। प्रतियोगिता में परिधि, सार्थक, आदित्री, शौर्य, भक्ति, आदित्य, अलविया, तेजस, आरिश, वैष्णवी, विनायक आदि बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को कुल चार चरणों में विभाजित किया गया था। प्रतियोगिता में साध्या ने प्रथम, इब्राहिम ने द्वितीय तथा कुश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील रस्तोगी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# श्रम-विरोधी नीतियों के खिलाफ एक दिवसीय हड़ताल, प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया इंश्योरेंस एंप्लाइज एसोसिएशन के आह्वान पर बीमा कर्मी संघ बरेली मंडल से जुड़े कर्मचारियों ने गुरुवार को एलआईसी की सभी शाखाओं में हड़ताल रखी। शाहजहांपुर में सदर बाजार, जिया खेल, बरेली मोड़ की तीन शाखाओं सहित पुवायां और तिलहर शाखा के कर्मचारी हड़ताल में शामिल रहे। अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आह्वान पर संगठन के कर्मचारियों ने सरकार की श्रम-विरोधी नीतियों के खिलाफ एक दिवसीय हड़ताल की। इस दौरान संगठन के मंडलीय उपाध्यक्ष मुनव्वर अली ने यूनियन की मांगों पर प्रकाश डाला। इस दौरान अरुण रस्तोगी, उदय शंकर शुक्ला, दया किशोर, सुनील कुमार, ब्रह्मदेव मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव, ज्ञानेश कुमार, नवीन कुमार शर्मा, हरि किशोर पाठक, आकांक्षा श्रीवास्तव, विश्व श्रीवास्तव, सुमित सक्सेना, सेवानिवृत्त कर्मचारी आरएन तिवारी आदि उपस्थित रहे।




एलआईसी की सदर बाजार शाखा पर विरोध प्रदर्शन करते एलआईसी कर्मचारी।

# बाइक रैली निकालकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




गुरुवार को शहीद उद्यान में एकत्रित होकर हड़ताल में भाग लेते दवा प्रतिनिधि।

- शहीद उद्यान में एकत्रित होकर की हड़ताल

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय संगठन के आह्वान पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की जिला इकाई के दर्जनों पदाधिकारी शहीद उद्यान में एकत्रित होकर हड़ताल की। शहीद उद्यान से बाइक रैली निकालकर खिरनी बाग पहुंचे।

यहां नई चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने व बिक्री प्रोत्साहन कर्मचारियों (सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइज) सेवा की शर्तें अधिनियम, 1976 को यथावत लागू रखने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार की श्रम-विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध करते हुए पुरानी श्रम व्यवस्थाओं को लागू रखने की मांग उठाई गई। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचकर शिष्टमंडल ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

ज्ञापन में सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को निश्चित अवधि रोजगार पर नियुक्ति की अनुमति न देने, नियोक्ताओं द्वारा किसी प्रकार की छंटनी और स्थानांतरण पर रोक सुनिश्चित करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, सचिव सीएल तिवारी, पूर्व अध्यक्ष मुरारी दीक्षित, प्रदेश सचिव असित मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह, पूर्व सचिव विजय मिश्रा, उपाध्यक्ष दलजीत त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष विकास तिवारी सहित अनेक पदाधिकारी एवं दवा प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बिहारी लाल सरस्वती विद्या मंदिर में सीनियर्स को दी विदाई



बिहारी लाल सरस्वती विद्या मंदिर में सम्मिलित आचार्य, अतिथि और छात्र।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रेलवे माल गोदाम स्थित श्री बिहारी लाल सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा नवम के छात्रों ने अपने सीनियर्स को विदाई दी। समारोह का प्रारंभ विद्यालय के प्रबंधक परमेश चंद्र सक्सेना, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर विद्यार्थी प्रचारक रविंद्र एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार तिवारी ने किया।

भावपूर्ण अभिनय गीत के बाद दशम के छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। संचालक चंद्र मोहन पाठक तथा विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका रेनू शर्मा ने अपने संबोधन से वातावरण को मार्मिक बना दिया। अमित, रमेश आचार्य, सौरभ ने छात्रों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रविंद्र ने अपने माता-पिता की सेवा करने तथा सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का परिचय कराया तथा आभार व्यक्त किया। कक्षा नवम के छात्रों ने अपने सीनियर्स को उपहार देकर सम्मानित किया।

# 14वां वार्षिक खेलकूद समारोह का रंगारंग समापन

- इंटीग्रल विवि केंद्र में मुख्य अतिथि ने विजेताओं को बांटे पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सीतापुर मार्ग निकट गुर्री गांव स्थित इंटीग्रल विश्वविद्यालय केन्द्र में चल रही 14वीं तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, विशिष्ट अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह व वरिष्ठ प्रवक्ता प्रेम शंकर सक्सेना ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।



इंटीग्रल विश्वविद्यालय केन्द्र में वार्षिक खेलकूद समारोह में विजेता टीम को पुरस्कार देती बीएसए और जीआईसी प्रधानाचार्य। • अमृत विचार

वॉलीबॉल के रोमांचक फाइनल मुकाबले में डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल की टीम ने कप्तान उत्कर्ष सक्सेना के नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन करते हुए डिप्लोमा मैकेनिकल की टीम को 2-1 से पराजित कर के कप अपने नाम किया। बालक वर्ग बैडमिंटन डबल्स प्रतियोगिता में डिप्लोमा सिविल के प्रिंस वर्मा और विपिन की टीम विजेता रही। डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल के छात्र सौरभ और सचिन कुमार की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग के बैडमिंटन मुकाबले में डिप्लोमा सिविल प्रथम वर्ष की छात्रा दुर्रे नजफ विजेता एवं इलेक्ट्रिकल तृतीय वर्ष की छात्रा आस्था उपविजेता रहीं। लम्बी कूद में डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल तृतीय वर्ष के छात्र अभिषेक राठौर प्रथम स्थान पर, डिप्लोमा सिविल तृतीय वर्ष के छात्र अवजीत कुमार द्वितीय स्थान पर और डिप्लोमा मैकेनिकल प्रथम वर्ष के छात्र विपिन मौर्य तृतीय स्थानों पर रहे। 100 मीटर फर्राटा दौड़ में डिप्लोमा मैकेनिकल के छात्र वंश त्रिपाठी ने प्रथम स्थान पाया। समारोह में डॉ. मोहम्मद नसीम, डॉ. मोहम्मद गयासुद्दीन, स्पोर्ट्स हेड इरफन खान, रेहान अली खान, फुरकान अहमद सिद्दीकी, इमरान हुसैन, मो. फराज खान, मोहम्मद साद, वीरेन्द्र कुमार मौर्य, मो. गुफरान, परवेज़ अख्तर खान, मोहम्मद मोनिस खान आदि का सहयोग रहा। संचालन सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के इंचार्ज मोहम्मद रमजान ने किया।

# स्पेल बी प्रतियोगिता में आयुष और अभिषेक ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



स्पेल बी प्रतियोगिता में विजेता छात्रा को पुरस्कार देते डायट के प्रवक्ता।

**अमृत विचार :** डायट स्तर पर स्पेल बी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें अभिषेक, अरुण, अभिनव, आयुष, सान्या व मोअज्जम ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की और इनाम जीते। नोडल डायट के प्रवक्ता टीआर गंगवार की देखरेख में यह प्रतियोगिता प्राथमिक स्तर व उच्च प्राथमिक स्तर पर कराई गई।

प्राथमिक स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय बझेड़ा से आयुष ने प्रथम, कंपोजिट कन्या कटरा से सान्या ने द्वितीय व कंपोजिट विद्यालय बिलहरी से मुअज्जम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर में उच्च प्राथमिक विद्यालय दहना से अभिषेक पाठक ने प्रथम, कंपोजिट विद्यालय धुवला करीमनगर से अरुण कुमार ने द्वितीय व कंपोजिट नवादा रुद्रपुर से अभिनव कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को डायट के प्रवक्ता बीएल मौर्य, टीआर गंगवार, अतुल कुमार शुक्ला, डॉ. राकेश कुमार पटेल, वरूणा उपाध्याय, अंजनी कुमार भारती, जमाल अख्तर, अजीत मिश्र, अमित कुमार वंशवार व सुभाष चंद्र सिंह ने सर्टिफिकेट, शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधान समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के सहवेगपुर निवासी रावेन्द्र वर्मा पुत्र रामपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 6 फरवरी को वह भाई मुनीश्वर और धर्मवीर के साथ गाड़ी से गांव लौट रहे थे। आरोप है कि मैरिज लान के पास प्रधान सुरेन्द्र वर्मा, जोगेंद्र, धीरेन्द्र और उपेंद्रपाल ने रोककर गाली-गलौज व मारपीट की और गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पीड़ित ने वीडियो साक्ष्य पुलिस को दिया है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### डीजे विवाद के बाद बरातियों से मारपीट

**तिलहर, अमृत विचार** : बरेली के फरीदपुर थाना क्षेत्र के खल्लपुर रोड मोहल्ला निवासी नेत्रपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 फरवरी को उनके भतीजे राहुल की बारात गांव शिवदासपुर आई थी। डीजे पर डांस को लेकर निजामगंज के कुछ लोगों से विवाद हुआ। गुरुवार को विदा के बाद बाराती फरीदपुर लौट रहे थे। इस दौरान तिलहर में आरोपियों ने तमंचा और लाठी-डंडों से लैस होकर गाड़ियों को घेर लिया। आरोप है कि विजय सक्सेना को गाड़ी से उतारकर पीटा गया और अन्य बारातियों से भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

### सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**निगोही, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर निवासी राजकुमार ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 06 फरवरी की शाम आठ बजे घर के बार शानू और प्रवीन गाली दे रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने अपने साथियों को बुला लिया। आरोप है कि आरोपियों ने उसे पीटकर कर घायल कर दिया। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### दुष्कर्म करने का प्रयास एफआईआर दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : कांट थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो माह पूर्व रात में बच्चों के साथ मकान में सो रही थी। आरोपी मुन्ना व आरिफ उसके मकान में घुस आए और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी मौका पाकर भाग गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सड़क दुर्घटनाओं में चालक समेत दो की मौत

## कटरा में दो ट्रकों में हुई टक्कर, मिर्जापुर में बाइक ने मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/तिलहर



मृतक छबीनाथ।



मृतक मनोज चालक।

- हादसे के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़, पहुंची पुलिस

**अमृत विचार** : जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में चालक समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों की मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। मिर्जापुर थाना क्षेत्र में बुजुर्ग की बाइक से टकराकर मौत हो गई, जबकि कटरा क्षेत्र में दो ट्रकों की टक्कर में चालक की मोत हो गई।

मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी 65 वर्षीय छविनाथ गुरुवार की सुबह 8 बजे दूध लेकर गांव में ही डेयरी पर पैदल लेकर बचने के लिए जा रहे थे। बदायूं-फर्रुखाबाद मार्ग पर बाइक पर सवार लोगों ने उनको टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान बाइक पर सवार लोगों ने भागने का प्रयास किया तो राहगीरों ने बाइक समेत दो लोगों को पकड़ लिया। पुलिस और परिवार वाले मौके पर पहुंचे। परिवार वाले घायल छविनाथ को लेकर सीएचसी पर गए। यहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों ने बताया कि मृतक छविनाथ के बेटे आलोक दो माह पहले एक्सीडेंट में घायल हो गए थे और घर पर ही पड़े रहते है। पत्नी और तीन बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस बाइक को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं तिलहर में हाईवे पर पावर हाउस के सामने गुरुवार तड़के साढ़े 3 बजे खराब कंटेनर खड़ी थी। अचानक डीसीएम पीछे से जाकर कंटेनर में जाकर घुस गयी। डीसीएम का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। चालक बुरी तरह फंस गया। सूचना पर पुलिस मौके मौके पर पहुंची। पुलिस ने बमुश्किल से चालक के शव को केबिन से बाहर निकाला। पुलिस ने एंबुलेंस से चालक के शव सीएचसी पर भिजवा दिया। डॉ. कमर उज्जमा ने बताया कि उनकी ड्यूटी सुबह 9 बजे तक थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के लिए नहीं आई थी। पुलिस काफी विलंब से पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।डीसीएम चालक के शव की शिनाख्त 30 वर्षीय मनोज यादव निवासी मीरापुर थाना शाहाबाद जिला रामपुर के रूप में हुई है। चालक मुरादाबाद से डीसीएम लेकर शाहजहांपुर जा रहा था। पुलिस ने मृतक चालक के परिवार वालों को सूचना दे दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संदिग्ध हालात में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**परौर, अमृत विचार** : क्षेत्र में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए शाहजहांपुर भेज दिया।

थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव रामपुरिया नवादा निवासी अमित 35 पुत्र राधेश्याम बुधवार 11 फरवरी की शाम परौर थाना क्षेत्र के पकड़िया चौराहा निवासी अपने मामा अशोक कुमार के यहां मेहमान के रूप में आया था। परिजनों के अनुसार उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। गुरुवार दोपहर लगभग 3:30 बजे अमित कुमार ने कमरे के पंखे के हुक में रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली।

घटना की जानकारी मिलते ही परौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की। बताया गया कि मृतक की शादी आठ वर्ष पूर्व थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव मितेपुर निवासी प्रेमवती के साथ हुई थी। उसके दो पुत्र अजय 6 वर्ष और दीपक ढाई वर्ष हैं। पत्नी प्रेमवती अपने दोनों पुत्रों के साथ मायके में रह रही है।

# नायब तहसीलदार के किराए के मकान में ताले तोड़कर चोरी



गुरगवां कॉलोनी स्थित मकान पर पहुंची पुलिस व अन्य लोग। • अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

- गुरगवां कॉलोनी का मामला विभागीय कार्य से इलाहाबाद हाईकोर्ट गए थे

**अमृत विचार** : चोरों ने नायब तहसीलदार के किराए के मकान को निशाना बनाकर खंगाला।

गुरगवां कॉलोनी में सुरेश कुमार गंगवार के मकान में किराए पर रह रहे नायब तहसीलदार अमित कुमार के घर में चोरी की घटना सामने आई है। अमित कुमार विभागीय कार्य से हाईकोर्ट इलाहाबाद गए हुए थे और मकान में ताला लगा था। गुरुवार सुबह ड्राइवर प्रदीप यादव सफाई के लिए पहुंचे तो मुख्य गेट और अंदर के दरवाजों के ताले टूटे मिले व सामान बिखरा था। सूचना पर नायब तहसीलदार पूनम मधुकर मौके पर पहुंचीं और कोतवाल जुगुल किशोर पाल को बुलाया। मकान मालिक सुरेश कुमार गंगवार भी बरेली के सीबीगंज से तिलहर पहुंच गए। पुलिस ने मकान में दोबारा ताला लगवाया।

बताया कि अमित कुमार के लौटने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्रवासियों ने रात्रि गश्त पर सवाल उठाए। कोतवाल प्रभारी जुगुल किशोर पाल ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही।

## मोबाइल चोरी करने वाले तीन नाबालिग पकड़े

**जलालाबाद, अमृत विचार** : कस्बे में मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन नाबालिग लड़कों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। आरोप है कि तीनों मां रेणुका फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप के पास खड़े वाहनों से मोबाइल चोरी कर रहे थे।

बताया गया कि तीनों नाबालिक गांधी नगर मोहल्ला के निवासी हैं। ये लोग बड़ी सफाई से मोबाइल चोरी कर कम दाम पर बेच देते थे और जुआ खेलते थे। पेट्रोल पंप के पास खड़े वाहनों से मोबाइल चुराते समय स्थानीय लोगों ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद स्थानीय लोगों ने तीनों की पिटाई कर दी और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों नाबालिकों को कोतवाली ले गई। तलाशी के दौरान उनके पास से आईफोन, वीवो और एमआई सहित तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। मोबाइल चुराते समय स्थानीय लोगों ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। पूछताछ में नाबालिकों ने स्वीकार किया कि पकड़े जाने के डर से कुछ मोबाइल पास के नाले में भी फेंक दिए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छत से गिरे युवक की बरेली के निजी अस्पताल में मौत

संवाददाता, खुटार

- कस्बे के मोहल्ला नरायनपुर का मामला, हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज ने किया था रेफर

**अमृत विचार** : सोमवार रात एक युवक छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका बरेली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। गुरुवार को युवक की मौत हो गई।

कस्बा के मोहल्ला नरायनपुर में ममता देवी किराए के मकान में दो मंजिल पर अकेली रहती है। उसके पति की मौत हो गई है। कभी कभी उनका दामाद मोहल्ला पूर्वी गढ़ी निवासी किरन कुमार 28 वर्ष रात में उनके पास आ जाता था। सोमवार रात को किरन कुमार अपनी सास के घर रुका था। रात 10.30 बजे किरन कुमार छत से नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होते ही परिजन आनन फानन में सीएचसी ले गए। हालत गंभीर होने पर घायल को मेडिकल कालेज रेफर किया गया।

वहां हालत में सुधार न होने पर किरन कुमार को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार को इलाज के दौरान किरन कुमार की मौत हो गई।

सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता राकेश सक्सेना, मां सुशीला देवी, का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक के दो छोटे छोटे बच्चे राजा सात और राम एक वर्ष का है।

## भाकियू परिवर्तनवादी का धरना-प्रदर्शन 17वें दिन भी जारी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन (परिवर्तनवादी) का किसानों की विभिन्न गंभीर समस्याओं को लेकर जीआईसी खेल मैदान पर चलाया जा रहा धरना आज 17 वें दिन भी जारी रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में चल रहे धरने में गुरुवार को श्रीपाल, राम सिंह, जयपाल सिंह, संतोष कुमार व सौदान सिंह बैठे। धरने पर कम्युनिस्ट पार्टी के सह सचिव रामशंकर लाल व नील कमल नीलू ने आकर अपना समर्थन दिया। रामशंकर लाल ने 17 दिन से चलाए जा रहे धरने में किसी भी सक्षम अधिकारी के न आने पर कड़ा रोष जताते हुए कहा कि संगठन की सभी उचित मांगों को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। इस अवसर पर मुकुट बिहारी भी मौजूद रहे।

# अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत के बाद हंगामा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका के परिजन। • अमृत विचार

- दहेज के लिए ससुरालियों पर मारपीट करने का आरोप

**अमृत विचार** : महिला को प्रसव पीढ़ा हुई तो ससुराल वाले उसे अस्पताल में लेकर गए। डॉक्टर ने बरेली के लिए रेफर कर दिया। महिला को बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया। कुछ देर बाद महिला की भी मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले आए दिन दहेज की मांग को लेकर मारपीट किया करते थे। आरोप है कि जच्चा-बच्चा की पिटाई से मौत हुई है।



मृतका सोनी।

निगोही थाना क्षेत्र के गांव निवाड़ी निवासी 22 वर्षीय सोनी की शादी रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर में शिवा के साथ हुई थी। वह गर्भवती थी। शनिवार को उसने मायके वालों को फोन करके बताया कि शुक्रवार को पति तथा अन्य लोगों ने मारा पीटा है और उसके पेट में दर्द हो रहा है। मायके वाले शनिवार की शाम उसकी ससुराल पहुंचे। उसने मायके वालों को बताया कि दहेज के लिए पति और अन्य लोग मारपीट करते है। गर्भवती सोनी की तबीयत खराब होने पर मायके वाले और पति उसे निजी अस्पताल में ले गए।

यहां डाक्टर ने भर्ती करने के मना कर दिया। पति उसे मेडिकल कालेज ले गया। जहां डाक्टर ने रविवार को बरेली के लिए रेफर कर दिया। पति तथा मायके वाले सोनी को लेकर बरेली गए। यहां एक निजी अस्पताल मर्ती कराया। मंगलवार की रात में सोनी ने मृत बच्चे को जन्म दिया। उसके बाद बुधवार को सोनी की मौत हो गयी। शिवा पत्नी और बच्चे का शव लेकर शाम को घर पर पहुंचा।

इधर मायके वालों ने उसके घर पर हंगामा किया। सूचना मिलने पर रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता पहुंचे और जानकारी की। मृतका के पिता राजकुमार ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी गर्भवती बेटी की पिटाई से मौत हुई है। उसे आए दिन ससुराल वाले दहेज के लिए मारा पीटा करते थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : सदर बाजार पुलिस ने एक महिला के न्यूज फोटो और वीडिया वायरल करने की धमकी देकर 02 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



रंगदारी करने वाला आरोपी पुलिस हिरासत में।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के रहने वाली एक महिला ने चौक कोतवाली तीन दिन पूर्व रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि पिछले डेढ़ साल से आरोपी गाजीखान से रिलेशन शिप में थी। इस दौरान एक कैफे में आपसी सहमति से दोनों शारीरिक संबंध बनाए थे। इसका आरोपी ने अश्लील फोटो खींचा और वीडिया बना लिया था। पीड़िता ने मारपीट का भी आरोप लगाया था। करीब डेढ़ माह पहले उसका ब्रेकअप हो गया। इसके बाद आरोपी ने महिला को परेशान करने लगा। आरोप है कि न्यूज फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी के नाम पर दो लाख रुपये की रंगदारी की मांग की।

प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह को सूचना मिली कि आरोपी मोहम्मद गाजी खां निवासी हाथीथान थाना सदर बाजार राजघाट तिराहे के पास खड़ा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके चालान कर दिया। आरोपी पहले से तीन मुकदमे दर्ज है। टीम में प्रदीप कुमार आदि शामिल रहे।

## ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार**: दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुवायां थाना क्षेत्र के गांव कनपारा निवासी अंजू देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी शादी एक साल पहले मोनू निवासी त्रिकाटा थाना मोहम्मदी जिला खीरी के साथ हुई थी।

दहेज की मांग लेकर ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से ऑटो रिक्शा मंगा कर दो। उसने मना कर दिया। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसे 18 जनवरी को पीटकर करके घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# फैक्ट्री वर्करों ने निर्माणी गेट पर किया प्रदर्शन

- ऑर्डनेंस आर्मी क्लोदिंग फैक्ट्री वर्कर्स यूनियन ने निर्माणी गेट पर की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



आयुध वस्त्र निर्माणी गेट पर नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए फैक्ट्री कर्मचारी।

**अमृत विचार** : संयुक्त सेंट्रल ट्रेड यूनियन के भारत बंद एवं हड़ताल के आह्वान पर यहां आयुध वस्त्र निर्माणी शाहजहांपुर में इंडफ से संबद्ध ऑर्डनेंस आर्मी क्लोदिंग फैक्ट्री वर्कर्स यूनियन ने निर्माणी गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। उपस्थिति कार्ड एक घंटा लेट पंच किया।

गुरुवार को फेडरेशन इंडफ के आह्वान पर ऑर्डिनेंस आर्मी क्लोदिंग फैक्ट्री वर्कर्स यूनियन ने निर्माणी गेट पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा एक घंटा लेट उपस्थिति दर्ज की। इस अवसर पर यूनियन महामंत्री वसीम अहमद ने कहा कि ये नए कानून श्रमिकों के अधिकारों को कमजोर करते हैं और नियोक्ताओं को अधिक ताकत देते हैं। साथ ही ट्रेड यूनियनों के अधिकारों को भी प्रभावित कर सकते हैं। मुख्य वक्ता फेडरेशन के असिस्टेंट सेक्रेट्री अमन सक्सेना ने कहा कि सरकार की यह नीतियां मजदूरों की कीमत पर सिर्फ उद्योगपतियों को फायदा पहुंचा रही हैं। यूनियन अध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में अमित कुमार सक्सेना, सैयद शारिक, अजय कुमार, विमल सक्सेना, शबाब अहमद, मो. आबिद, मो. परवेज, इजहार हुसैन, मजहर अली, संजीव दिवाकर, अमित कुदेशिया, मो. शाहनूर, अंकित कुमार, जोखी राम, राम रूप तिवारी, नीरज सक्सेना, मो. शरीफ, देवीसरन सक्सेना, रवि कमल, मोइनुद्दीन, अभिषेक सक्सेना, देशवीर आदि नेताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। अंत में ऑल इंडिया एनपीएस एम्प्लाइज़ फेडरेशन के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव सैय्यद शारिक ने आभार व्यक्त किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार** : बंडा थाना क्षेत्र के गांव हेतम नगला निवासी बलराम सिंह पुत्र छोटे सिंह 30 वर्षीय गुरुवार को दोपहर के समय बाइक से अपने फूफा दुनिया सिंह निवासी मलिका के घर जा रहा था। खुटार बंडा रोड चड्ढा फॉर्म मोड़ के पास वह पहुंचा ही था कि किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह रोड पर उछलकर दूर जा गिरा। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे आई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने बलराम सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया जहां पर डॉक्टर ने बलराम सिंह को मृत घोषित कर दिया। थोड़ी ही देर में पुलिस को सूचना मिली जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पीएम के लिए भेज दिया। बलराम सिंह की मौत की सूचना पर मौके पर पहुंचे उसके पिता छोटे सिंह ने बताया कि वह अपनी भतीजी का रिश्ता देखने के लिए मलिका गांव आया हुआ था। जहां पर उसका बेटा बलराम सिंह भी बाइक से पीछे से आ रहा था कि किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। छोटे सिंह ने बताया कि बलराम सिंह तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। छोटे सिंह ने बताया कि बलराम सिंह की पत्नी का बीमारी के चलते पांच वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। बलराम सिंह अपने पीछे 10 वर्षीय बेटे मनप्रीत सिंह व 8 वर्षीय पुत्री मधु देवी को रोता बिलखता छोड़ गया। थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी

- असंगठित मजदूर यूनियन के बैनर तले निकाला जुलूस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



श्रम विरोधी नीतियों के मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन करते असंगठित मजदूर यूनियन के पदाधिकारी व श्रमिक।

**अमृत विचार** : केन्द्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर उत्तर प्रदेश असंगठित मजदूर यूनियन के बैनर तले मजदूरों ने सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की गंभीर समस्याओं की मांग का लेकर विरोध प्रदर्शन किया। यूनियन प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ नारेबाजी हुए जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों ने राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह को सौंपा।

गुरुवार को प्रातः 10 बजे खिरनी बाग जीआईसी खेल मैदान में यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्य / श्रमिक एकत्र हुए। इस दौरान हुई सभा में यूनियन प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद ने कहा कि सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों से श्रमिक बेरोजगार होता जा रहा है तथा विकसित गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम का नाम बदलने में ग्रामीण क्षेत्र का पलायन नहीं रुक सकता है। यूनियन के प्रदेश संरक्षक सुबोध रावत ने कहा कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से संचालित महात्मा गांधी पेंशन योजना के नियमानुसार पंजीकृत श्रमिक 10 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के उपरान्त भी पेंशन के पात्र श्रमिकों की बोर्ड से सूची जारी हो रही है। जिलाध्यक्ष जगपाल ने कहा कि ई-श्रम और बीओसी डबल्यू में पंजीकृत सभी श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड दिया जाये और कल्याणकारी योजनाएं शुरू की जाए। बोर्ड की वेबसाइट सक्रिय की जाये। सभा में प्रदेश कोषाध्यक्ष मतलूब अली, प्रदेश संयुक्त मंत्री शान्ति स्वरूप शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश कुमार, महानगर अध्यक्ष जहीर अली, मोहम्मद गुलाम शाकिर, राजन मिश्रा, इब्ने हसन, वली हसन, सियानंद, फखरे आलम, मोहम्मद शकील, वसीम, विनोद कुमार कश्यप, दिनेश चंद कश्यप, चेतराम, अनुज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, हाकिम, जदुबीर, जीशान खां, शाहिद खान, कलीम, दानिश, पवन शर्मा ने विचार रखे।

## प्रधान पति पर हमला करने वाले दो आरोपी जेल भेजे

**खुदागंज, अमृत विचार** : पहाड़ीपुर भूपत की प्रधान रूबी गंगवार के पति सुधीर गंगवार पर बुधवार को घात लगाकर हमला करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी ललित मोहन और कृष्ण मुरारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार हमले में चार लोगों के नाम सामने आए हैं। दो आरोपियों को पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्रधान पति पर हमला करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री के कुंडल लूटे

- पूजा करने जा रही महिला से बाइक सवार बदमाशों ने की लूट

संवाददाता, सिंधौली/शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : गांव में प्राथमिक विद्यालय के निकट बाइक पर सवार बदमाशों ने महिला के दोनों कान पर झपट्टा मारकर सोने के कुंडल नोच लिए। बदमाश बाइक से भाग गए। महिला के दोनों कानों से खून निकलने लगा। महिला आंगनवाड़ी कार्यकत्री है। घटना की सूचना थाना पर दे दी है।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव मूर्छा निवासी अनिल दीक्षित के परिवार में बुधवार को उनके भतीजे का यज्ञोपवीत कार्यक्रम था। उनके यहां मेहमान आए हुए थे। उनकी पत्नी ललिता दीक्षित आंगनबाड़ी कार्यकत्री है। गुरुवार की शाम उनकी पत्नी अन्य महिलाओं के साथ पूजा करने मंदिर में जा रही थी। गांव में प्राथमिक प्राथमिक स्कूल के निकट बाइक पर सवार दो बदमाश आए। बाइक से एक बदमाश उतरा और आंगनबाड़ी कार्यकत्री के दोनों कानों पर झपट्टा मारकर सोने के कुंडल लेकर पुवायां मार्ग की तरफ भाग गए। इस दौरान महिला के कान से खून निकलने लगा।

महिलाओं ने शोर मचाया तो गांव वाले एकत्रित हो गए। इधर महिला के परिवार वाले मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे ओर आंगनबाड़ी कार्यकत्री से जानकारी की। पुलिस ने बदमाशों के हुलिया के बारे में जानकारी की। कुछ दूर तक बाइक सवार बदमाशों की तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। दोनों सोने के कुंडल की कीमत हजारों रुपये बतायी जाती है। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिल गयी और घटना की जांच की जा रही है।

## साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए पांच लाख रुपये

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : साइबर ठगो ने फोन कर ग्राहक के खाते से 5 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के नई बस्ती रेती ख्वाजा फिरोज निवासी प्रभजीत सिंह ने एफआईआर में बताया कि 9 फरवरी समय लगभग 3 :43 पर को उनके मोबाइल नंबर पर एक मोबाइल नंबर से फोन आया बाते करते ही खाते से 5 लाख रुपए उड़ गए। थाने में एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही साइबर पोर्टल पर भी प्रभजीत सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक रामचंद्र मिशन धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया साइबर ठगी का मामला सामने आया है एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधान समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के सहवेगपुर निवासी रावेन्द्र वर्मा पुत्र रामपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 6 फरवरी को वह भाई मुनीश्वर और धर्मवीर के साथ गाड़ी से गांव लौट रहे थे। आरोप है कि मैरिज लान के पास प्रधान सुरेन्द्र वर्मा, जोगेंद्र, धीरेन्द्र और उपेंद्रपाल ने रोककर गाली-गलौज व मारपीट की और गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पीड़ित ने वीडियो साक्ष्य पुलिस को दिया है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### डीजे विवाद के बाद बरातियों से मारपीट

**तिलहर, अमृत विचार** : बरेली के फरीदपुर थाना क्षेत्र के खल्लपुर रोड मोहल्ला निवासी नेत्रपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 फरवरी को उनके भतीजे राहुल की बारात गांव शिवदासपुर आई थी। डीजे पर डांस को लेकर निजामगंज के कुछ लोगों से विवाद हुआ। गुरुवार को विदा के बाद बाराती फरीदपुर लौट रहे थे। इस दौरान तिलहर में आरोपियों ने तमंचा और लाठी-डंडों से लैस होकर गाड़ियों को घेर लिया। आरोप है कि विजय सक्सेना को गाड़ी से उतारकर पीटा गया और अन्य बारातियों से भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

### सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**निगोही, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर निवासी राजकुमार ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 06 फरवरी की शाम आठ बजे घर के बार शानू और प्रवीन गाली दे रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने अपने साथियों को बुला लिया। आरोप है कि आरोपियों ने उसे पीटकर कर घायल कर दिया। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### दुष्कर्म करने का प्रयास एफआईआर दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : कांट थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो माह पूर्व रात में बच्चों के साथ मकान में सो रही थी। आरोपी मुन्ना व आरिफ उसके मकान में घुस आए और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी मौका पाकर भाग गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# 20 दिवसीय बसंत उत्सव 2026 आरंभ

## ध्यान, प्रेम और करुणा की त्रिवेणी में प्रवाहित हुआ रामचन्द्र मिशन आश्रम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम में ध्यान करते लोग। ● अमृत विचार

- प्रात: कालीन साधना से प्रारंभ हुआ महोत्सव
- देश-विदेश से आए अध्यासियों ने विश्व शांति की मंगल कामना की

**अमृत विचार** : श्री रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के मार्गदर्शन कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और मार्गदर्शन में श्री राम चन्द्र मिशन आश्रम की पुण्य धरा पर 20 दिवसीय बसंत उत्सव-2026 का आरंभ पूर्ण दिव्यता, भव्यता और आध्यात्मिक उल्लास के अनुपम वातावरण में हुआ। प्रातः कालीन साधना से प्रारंभ हुआ यह महोत्सव मानो साधकों की चेतना को नवप्रकाश से आलोकित करने का विराट यज्ञ बन गया। देश-विदेश से आये हजारों अध्यासियों ने एकात्म भाव से सामूहिक ध्यान-साधना कर मानव कल्याण और विश्व शांति के लिए मंगल कामना की।

उत्सव का शुभारंभ सुबह के ध्यान सत्र के साथ हुआ। गुरुदेव कमलेश डी. पटेल ने कहा कि बसंत केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत नहीं, बल्कि चेतना के नवीकरण का प्रतीक है। मिशन के अभ्यासियों से आह्वान किया कि वे इस बसंत उत्सव को केवल एक पर्व के रूप में न देखें, बल्कि इसे आत्म-परिष्कार, अंतर्मुखी साधना और चेतना के उत्कर्ष का अवसर बनाएं। बसंत उत्सव में संपूर्ण आश्रम परिसर में श्रद्धा, साधना और शांति का दिव्य वातावरण दिखाई दिया। सायंकाल में भी ध्यान सत्र में दाजी ने ध्यान कराया।


ध्यान कराते श्री रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष कमलेश डी पटेल दाजी।

## अधिक से अधिक वोट बनाने पर दिया जोर, बूथ अध्यक्षों संग बैठक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : बृज विहार पार्षद रामबरन सिंह चंदेल ने अपने कार्यालय में बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर नए मतदाता बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने-अपने बूथों पर अधिक से अधिक नई वोट बनवाने का कार्य तेज करें और समय रहते प्रक्रिया पूरी कराएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

पार्षद ने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि वे आगे आकर अपने वोट बनवाएं और मताधिकार के उपयोग के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि वोट बनवाना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह आवश्यक है।

बैठक में बूथ अध्यक्षों ने आश्वस्त किया कि अधिक से अधिक वोट बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर महानगर जिला मंत्री अमित शर्मा, बूथ अध्यक्ष संजय वर्मा, नितिन मौर्य, मनीष शर्मा, चंद्र वरन सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों ने कृभको फर्टिलाइजर में एक्सपोजर विजिट किया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सभी बच्चों ने यूरिया निर्माण से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की

**अमृत विचार** : पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल भण्डेरी व पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल बरेण्डा कांट के 80 छात्र-छात्राओं का संयुक्त रूप से कृभको फर्टिलाइजर लिमिटेड पिपरौला में एक्सपोजर विजिट कराया गया।

वरिष्ठ-प्रबंधक कार्मिक शिवांशु पाठक ने फैक्ट्री के विभिन्न संयंत्रों को अवलोकित कराकर उसके सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। सभी बच्चों ने यूरिया निर्माण से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की। फैक्ट्री सभागार में पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल भण्डेरी के नोडल अधिकारी सहायक श्रम आयुक्त नासिर खां ने सभी बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक कार्मिक विवेक मेहरोत्रा व वरिष्ट प्रबन्धक कार्मिक शिवांशु पाठक ने बच्चों को यूरिया निर्माण ने सम्बन्धित जानकारी दी।

इस दौरान पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल बरेण्डा के प्रधानाध्यापक अशफाक अली, छाया गुप्ता, डॉ. फरहाना कुरैशी, रफी दराज खां एसएमसी अध्यक्ष हरवीर, पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल भण्डेरी के प्रधानाध्यापक राम आसरे वर्मा व अफसाना बेगम, इरफान अली, धर्मना देवी व एआरपी निखिल वर्मा उपस्थित रहे।

## ऋषि दयानन्द सरस्वती की स्मृति में स्मारक बनाने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : आर्य समाज (रजि) टाउन हाल रोड के तत्वावधान में ऋषि देव दयानंद के जन्मोत्सव एवं बोधोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें यज्ञोपरांत आर्य समाज के प्रधान जितेन्द्र नाथ आर्य ने कहा कि ऋषिवर देव दयानंद सरस्वती ने सम्पूर्ण मानवता के लिए वेदों के बताए मार्ग पर चलने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि अफसोस की बात है कि शाहजहांपुर ऋषि की कर्मस्थली रही। जिसमें चांदापुर का शास्त्रार्थ विश्व विख्यात है, लेकिन हम ऋषि की स्मृति में कोई बड़ा स्मारक न बना सके। उन्होंने कहा ऋषि दयानन्द सरस्वती की स्मृति में एक स्मारक बनाने का प्रयत्न करें। भुवनेश गुप्ता, संजय गुप्ता, प्रदीप आर्य, सुखदेव आर्य आदि मौजूद रहे।

## सालाना उर्स संपन्न मजार पर चादरपोशी कर मांगी दुआएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : हजरत शहीद उस्मान दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह का एक दिवसीय का सालाना उर्स खुशहाली और अमन की दुआ के साथ संपन्न हो गया। बुधवार की देर शाम मोहल्ला तारीन बहादुर गंज स्थित दरगाह पर महफिल का आगाज मस्जिद के इमाम खलील अहमद ने कुरआन की तिलावत से किया। हाफिज हसन अली ने अपने संबोधन में औलिया के जीवन और सेवाओं पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि वलियों की दरगाह पर अकीदत और एहतराम से हाजिरी देनी चाहिए। इस दौरान शाहिद खां चंदा और मुहम्मद रिजवान रजा ने नात व मनकबत पेश की। इसके बाद कुरआन की आयतें पढ़कर साहिबे उर्स को ईसाले सवाब किया गया। हाफिज हसन अली ने देश की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। जायरीन ने मज़ार पर गुलपोशी व चादरपोशी कर दुआएं मांगी। उर्स कमेटी ने लोगों में लंगर बांटा। इस मौके पर शाहिद खां चंदा, मुहम्मद यासीन रफत, मुहम्मद यामीन रफत, मुहम्मद अली खां एडवोकेट, असगर यासिर, मोहम्मद नकी, हमीद खिजर, हबीब अहमद, मुनीब खान, अफसर अली, मुहम्मद इशाक, सईद खां मंजू आदि मौजूद रहे।

## फहद ने जेआरएफ और रोहित ने पास किया नेट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


रोहित शर्मा।


फहद अहमद खां।

- फहद शाहजहांपुर से कॉमर्स में जेआरएफ प्राप्त करने वाले पहले छात्र है

**अमृत विचार** : एसएस कॉलेज के कॉमर्स विभाग के छात्र फहद अहमद खां ने कॉमर्स विषय में यूजीसी नेट परीक्षा में 74 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जेआरएफ के लिए क्वालीफाई किया है। फहद जनपद शाहजहांपुर से कॉमर्स विषय में जेआरएफ प्राप्त करने वाले पहले छात्र हैं। फहद के पिता नईम उल्ला खां नगर निगम में कार्यरत थे।

उन्होंने बेटे की सफलता पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि अब उनका बेटा सरकारी छात्रवृत्ति लेकर पीएचडी कर सकेगा और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमारे परिवार का नाम रोशन करेगा। कॉमर्स विभाग के छात्र रोहित शर्मा ने भी 66 प्रतिशत अंकों के साथ नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। अब वह पीएचडी के साथ-साथ सहायक प्रवक्ता पद पर आवेदन के योग्य माने जाएंगे। रोहित के पिता रजनीश शर्मा कांट ब्लॉक में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं।

## मुफ्ती की उपाधि किसी सम्मान से कम नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


जलसा जश्ने-ए-दस्तारबंदी को संबोधित करते सैयद हुसैन अहमद मियां वाहिदी।

- जश्ने दस्तारबंदी का आयोजन उलेमा की शिरकत

**अमृत विचार** : सिंधौली के महानंदपुर में मदरसा अजीज मिस्बाही एकैडमी के छात्र अहमद रजा मरकजी के मुफ्ती बनने पर जलसा जश्ने-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। मुफ्ती शाहनवाज मरकजी की अध्यक्षता में जलसे का आगाज कुरआन की तिलावत से किया गया।

मुख्य वक्ता मुफ्ती फैजान रजा रामपुर ने कहा कि मुफ्ती की उपाधि मिलना किसी सम्मान से कम नहीं है। मुफ्ती बनने पर दीन व शरीयत का दायित्व बहुत बढ़ जाता है। कन्नौज से असए मौलाना शमशीर वाहिदी मरकजी ने मुफ्ती बनने पर छात्र और उनके पिता मिसरार खां को बधाई दी। मौलाना सलीम नूरी, मुफ्ती अब्दुल कय्यूम, मौलाना कैफ रजा जामई ने कौम के बच्चों को दीनी तालीम देने और इस्लामी जिंदगी गुजारने पर जोर दिया। मुफ्ती शाहनवाज मरकजी ने कुरआन की अहमियत पर रोशनी डाली। इस दौरान डॉ. कारी अली अहमद महानंदपुरी, मौलाना राशिद रजा, अब्दुल कादिर, मुश्ताक रजा ने नात व मनकबत पेश की। मुख्य अतिथि बिलग्राम शरीफ से आए पीर-ए-तरीकत हजरत सैयद हुसैन अहमद मियां वाहिदी ने मुफ्ती अहमद रजा मरकजी की दस्तारबंदी कर दुआओं से नवाजा। संचालन मौलाना जावेद रज़ा बरेली ने किया। आखिर में खानकाह वाहिदिया के सज्जादानशीन सैयद हुसैन अहमद हुसैन मियां वाहिदी ने मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की। हाफिज शाकिर, मौलाना मुस्लिम मंजरी, मौलाना आमिर रजा, डॉक्टर मेराज खां, उस्मान खां, इब्नूस खां, जनाब खां, मुर्तजा खां, कमर रज़ा, प्रधान आगा खां, छब्बन खां आदि मौजूद थे।

## ओवरलोड और अवैध खनन को लेकर चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एआरटीओ प्रवर्तन ने एडीएम एफआर संग संयुक्त अभियान चलाया

**अमृत विचार** : रोजा थाना क्षेत्र में ओवरलोड और अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए एआरटीओ प्रवर्तन ने एडीएम एफआर के साथ संयुक्त अभियान चलाया बुधवार देर रात कार्रवाई की।

ओवरलोड मिट्टी से भरे डंपर समेत कई वाहनों की जांच की गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के संचालन में लगे लोगों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान ओवरलोड मिट्टी व अन्य खनन सामग्री से भरे वाहनों को रोका गया। नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना और अन्य वैधानिक कार्रवाई की गई। एआरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि जिला शाहजहांपुर में ओवरलोड वाहनों के कारण किसी बड़े हादसे की आशंका को देखते हुए अभियान तेज किया गया है। अल्लाहगंज और खुदागंज सहित कई थाना क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ओवरलोड मिट्टी, बालू या किसी भी प्रकार की खनन सामग्री से लदे वाहनों को बख्शा नहीं जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना और सीज सहित कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। प्रशासन की सख्ती से अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन पर लगाम लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

### बजट में शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर जोर सराहनीय



**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश के बजट में शिक्षा, बुनियादी ढांचे और स्थानीय विकास पर दिए गए जोर को सकारात्मक संकेत बताया गया है। इससे पूरे प्रदेश की जनता को लाभ होगा। बजट समग्र विकास वाला है। उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि यह पहल प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में किए गए प्रावधानों से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि बाजार और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।


Lifelines MEDICAL OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


## रेलवे के जीएम आज रोजा स्टेशन का करेंगे निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : उत्तर रेलवे के जीएम अशोक कुमार शुक्रवार की दोपहर बाद रोजा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण को लेकर अधिकारी तैयारी में जुटे है। मंडल के अधिकारी और स्थानीय अधिकारियों ने रोजा स्टेशन पर डेरा डाल दिया है।

उत्तरे रेलवे के जीएम अशोक कुमार शुक्रवार को सुबह नौ बजे निरीक्षण यान से टीम के साथ लखनऊ रेलवे स्टेशन से चलेंगे। जीएम काकोरी रेलवे स्टेशन, दिलवारनगर रेलवे स्टेशन, बालामऊ रेलवे स्टेशन, मसीत रेलवे स्टेशन, हरदोई रेलवे स्टेशन, कौढ़ा रेलवे स्टेशन, आंझी शाहाबाद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए रोजा रेलवे स्टेशन पर दोपहर दो बजे पहुंचे। निरीक्षण को लेकर स्टेशन परिसर, कालोनी, रोजा साइडिंग, लोको लावी, गार्ड रनिंग रुम, पावर केबिन में तैयारी चल रही है। सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्टेशन परिसर ओर कालोनी में रंगाई पुताई करा दी गयी है। स्टेशन पर उस स्थान का निरीक्षण करेंगे, जहां पाथ वे पर ट्रेन की चपेट में आकर पांच लोगों की मौत हो गयी थी।

इसके अलावा रेलवे कालोनी में निरीक्षण करेंगे तथा दीवार तोड़कर लोगों ने आम रास्ता तो नहीं बना लिया है। रोजा स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद सीधे मुरादाबाद चले जाएगे। निरीक्षण को लेकर मंडल ओर स्थानीय अधिकारियों ने डेरा डाल दिया है।

## नाले का प्रदूषित पानी नदी में छोड़े जाने की डीएम से शिकायत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : लोधीपुर के शाहनवाज खान ने जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा कि लोधीपुर क्षेत्र में स्थानीय नालों का गंदा एवं प्रदूषित पानी लगातार नदी में छोड़ा जा रहा है, जिससे नदी का पानी अत्यंत दूषित हो गया है।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी स्थानीय नालों के प्रदूषित पानी को शुद्ध करने के लिए एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके आज तक उन आदेशों का अनुपालन नहीं किया गया। जिससे क्षेत्रवासियों को निरंतर भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डीएम से नाले का प्रदूषित पानी नदी में जाने से रोकने के लिए शीघ्र एवं कठोर कार्यवाही करने की मांग की।

## स्वास्थ्य मेले में 537 मरीजों ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


अमरेडी गांव में आयोजित मुफ्त स्वास्थ्य मेले में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

- वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी एवं मेडिकल कॉलेज ने अमरेडी में लगाया मेला

**अमृत विचार** : वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी एवं वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज और रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा की ओर से 11 फरवरी 2026 को जैतीपुर क्षेत्र के ग्राम अमरेडी में निःशुल्क स्वास्थ्य मेला लगाया गया। शिविर में कुल 537 मरीजों ने पंजीकरण कराया।

जांच के दौरान 10 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। उनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज और रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा में निःशुल्क किया जाएगा। शिविर में 117 मरीजों की ब्लड शुगर और लगभग 96 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच मुफ्त की गई।

494 मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। एमआरआई, सीटी स्कैन और अन्य जांचों पर छूट के कूपन भी बांटे गए। स्वास्थ्य टीम और जनसंपर्क अधिकारी ने लोगों को नियमित जांच कराने के लिए जागरूक किया। परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी गई, जो अस्पताल की ओर से 200 रुपए में एक वर्ष के लिए बनाया जाता है।

कार्ड धारकों को ओपीडी पर्चा निःशुल्क, दवाइयों और सभी जांचों पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त छूट, भर्ती फाइल निःशुल्क, सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत और खून की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत छूट की सुविधा बताई गई। शिविर में समाजसेवक ब्रजेश मिश्रा और रामनरेश दीक्षित का विशेष योगदान रहा। शिविर में सामान्य रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, बाल रोग और स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ. विश्वजीत, डॉ. मोहम्मद सैम, डॉ. रिव्या सिंह, डॉ. नलिनी, डॉ. हर्षित कौशल, जनसंपर्क अधिकारी विपिन शर्मा व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

## पेट्रोल पंप सेल्स मैनेजर की सड़क हादसे में मौत

**खुटार, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव टाहखुर्द कलां निवासी मोहम्मद मुगली पुत्र मुकीम (40) खुटार बंडा रोड मलिका गांव स्थित शुक्ला फिलिंग स्टेशन पर सेल्स मैनेजर के बतौर पद पर कार्य कर रहा था। गुरुवार शाम लगभग 8:30 बजे वह खुटार कस्बे में एक शादी समारोह में शामिल होने ल बाइक से जा रहा था। तभी गांव सौफरी के पास आलू से भरी ट्रैक्टर ट्राली से उसकी बाइक टकरा गई। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने उसे खुटार सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन व पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया।

## सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष पद पर सरनाम सिंह विजयी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- देर रात आया चुनाव परिणाम महासचिव पद पर राजेश अवस्थी 11वें चक्र में आगे


विजयी प्रत्याशी सरनाम सिंह यादव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव के आंशिक परिणाम गुरुवार देर रात आए। अध्यक्ष पद पर सरनाम सिंह यादव 153 मतों से विजयी रहे। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी सतेंद्र शुक्ला को कड़ी टक्कर में हराया। सरनाम सिंह यादव को 681 वोट मिले जबकि सतेंद्र शुक्ला को 528 वोट मिले। महासचिव पद पर राजेश अवस्थी 11 वें चक्र में अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी दीपक कुमार से 32 वोटों से आगे रहे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रामेंद्र कुमार मिश्रा अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव से 11 वें चक्र में 55 वोटों से आगे चल रहे थे। कोषाध्यक्ष पद पर दिनेश दीक्षित 11 चक्र में नौ वोट से आगे चल रहे थे। मुख्य चुनाव अधिकारी अनंत कुमार सिंह ने बताया कि कनिष्ठ उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, वरिष्ठ कार्यकारिणी व कनिष्ठ कार्यकारिणी की मतगणना शुक्रवार होगी। चुनाव में सहायक चुनाव अधिकारी फिरोज हसन खां, राकेश आनंद, वीरेंद्र पाल सिंह यादव रहे।

सेंट्रल बार एसोसिएशन का चुनाव गुरुवार को संपन्न हो गया। सुबह मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई और निर्धारित समय तक अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शाम को मतगणना कर परिणाम घोषित किए गए। चुनाव से पहले लगभग एक सप्ताह तक सभी प्रत्याशी प्रचार में पूरी तरह सक्रिय रहे। अधिवक्ताओं से व्यक्तिगत संपर्क, जनसंपर्क अभियान और समर्थन जुटाने के प्रयास लगातार चलते रहे। प्रत्याशियों ने अपने-अपने पक्ष में चुनावी माहौल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया। बार भवन परिसर में चुनाव को लेकर पूरे सप्ताह हलचल बनी रही। मतदान के दिन भी सुबह से ही अधिवक्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इसके बाद शाम को मतगणना शुरू की गई, जिसमें प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की निगाहें परिणामों पर टिकी रहीं। चुनावी प्रक्रिया के दौरान बार परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। पूरे चुनाव में अधिवक्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। चुनाव परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थक खुशी से झूम उठे। जैसे ही अपने प्रत्याशी की जीत की आधिकारिक घोषणा हुई, समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर उत्सव मनाया। विजयी प्रत्याशियों को समर्थकों ने फूलमालाओं से लाद दिया। बार परिसर में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। समर्थकों ने गले मिलकर जीत की खुशी साझा की और शुभकामनाएं दीं। विजयी प्रत्याशियों ने समर्थकों का आभार जताते हुए कहा कि जो प्राथमिकताएं उन्होंने चुनाव के दौरान अधिवक्ताओं के सामने रखी थीं, उन्हें पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बार के हित और अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। परिणाम के बाद बार परिसर में देर तक उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्लॉकों पर लग रहे रोजगार शिविर

**बदायूं, अमृत विचार :** युवाओं को रोजगार देने के लिए ब्लॉक मुख्यालयों पर तिथिवार रोजगार शिविर लगाए जा रहे हैं। इनकी शुरुआत 28 जनवरी से हो चुकी है। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि एसआईएस इंडिया लिमिटेड देहरादून कंपनी द्वारा जिला के 15 ब्लाकों में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाईजर व सुरक्षा अधिकारी की भर्ती का 30 दिनों का रोजगार शिविर आयोजित किया जा रहा है। कंपनी के एचआर नरेंद्र कुमार के द्वारा ब्लाक सालारपुर, उझानी में सुरक्षा गार्ड के पद पर 35 अभ्यर्थियों का चयन किया है। वहीं ब्लाक कादरचौक और म्याऊ में 25, ब्लाक उसावां, वजीरगंज, जगत में लगे शिविर के दौरान 32 अभ्यर्थियों का सुरक्षा गार्ड के पद पर चयन किया गया है। शिविरों का आयोजन 28 फरवरी तक जारी रहेगा।

### 131 हज यात्रियों का परीक्षण व टीकाकरण

**बदायूं, अमृत विचार :** ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई केनिर्देशानुसार हज-2026 के तीर्थयात्रियों का आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण किया जा रहा है। दो दिनों तक लगाए गए शिविर में 131 हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही टीकाकरण किया गया। यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुहम्मद तहसीन, डॉ कमर, इकबाल ने स्वास्थ्य कर्मचारियों की सहायता से किया। टीकाकरण में मदरसा आलिया कादरिया मौलवी टोला के प्रधानाचार्य मुहम्मद तनवीर खां, मदरसा शमसुल उलूम घंटाघर के सहायक अध्यापक अफ्फान हक कादरी, और स्टेट हज इन्स्पेक्टर मुहम्मद अली तथा हज ट्रेनर मुहम्मद मुकतदिर खान का भी सहयोग रहा।

### ईवीएम और वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण 17 को

**बदायूं, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 वैभव शर्मा ने बताया कि जनपद में उपलब्ध ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस एवं स्ट्रांग रूम का बाह्य निरीक्षण 17 फरवरी को किया जाएगा। निरीक्षण मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों की उपस्थिति में होगा। इससे पूर्व उनके साथ कलेक्ट्रेट में बैठक होगी। जिसमें निर्वाचन संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

# फैजगंज थानाध्यक्ष समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित

संवाददाता, ओरछी

- **पुलिस अधिकारियों को सूचना दिए बगैर तीन फरवरी को दी थी संभल जिले में दबिश**

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा पुलिस की लापरवाही और मनमानी का एक मामला सामने आया है। बिना कोई मुकदमा दर्ज किए और बिना उच्चाधिकारियों को सूचना दिए संभल जिले में दबिश देने पहुंची पुलिस टीम के कारण एक बुजुर्ग की जान चली गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने थाना प्रभारी राजकुमार सिंह समेत चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

थानाध्यक्ष राजकुमार 3 फरवरी 2026 को पुलिस बल के साथ प्रार्थना पत्र के आधार पर जिला संभल के थाना कैलादेवी क्षेत्र में दबिश देने चले गए। नियमों का जरा भी ध्यान नहीं रखा। दबिश के दौरान वहां के गांव हैबतपुर निवासी हरचरन की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई थी। आरोप है कि पुलिस ने इस दबिश से पहले न तो कोई रिपोर्ट दर्ज की थी और न ही अधिकारियों को सूचना दी।

जिसके चलते एसएसपी ने थानाध्यक्ष राजकुमार, उपनिरीक्षक मामराज और लियाकत अली, मुख्य आरक्षी संजय कुमार को निलंबित किया है। आगे की जांच सीओ सहसवान करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि दूसरे जिले में दबिश देने से पहले अधिकारियों से अनुमति लेना जरूरी है। साथ ही बिना रिपोर्ट दर्ज किए दबिश देने पर भी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे थे।

## सात विभागों को मिली डी और सी रैंक, जारी होंगे नोटिस

# सीएम डैशबोर्ड में नहीं हुआ सुधार, जिला 36वीं रैंक पर बरकरार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में सुधार करने के दिए आदेश**

**अमृत विचार:** सीएम डैशबोर्ड में जनवरी माह के दौरान कोई सुधार नहीं हुआ। माह अधिक ठंडा होने की वजह से रैंक ऊपर नहीं उठ सकी। जनवरी माह में भी जनपद 36वीं रैंक पर बरकरार रहा। गुरुवार को डीएम ने समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में सुधार करने के आदेश दिए। साथ ही अधूरे निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने का आदेश दिया।

डीएम ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों को प्राप्त धनराशि का सदुपयोग करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग के अधिकारियों से कहा कि सड़कों पर निराश्रित गोवंश नजर नहीं आना चाहिए। डीएम ने मुख्य प्रदर्शन घटक (केपीआई) का विशेष ध्यान रखने तथा रैंकिंग में सुधार करने के लिए कहा। पोषण मिशन विभाग के अधिकारियों से कहा कि सीडीपीओ केंद्रों पर वजन और लंबाई मापने की मशीन उपलब्ध होने के साथ क्रियाशील होने की जानकारी प्रत्येक सप्ताह खंड विकास अधिकारियों दें। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के लिए संबंधित खंड विकास व नगर निकायों के अधिकारी कार्य योजना बना करने के आदेश दिए। सीडीओ ने डीएम को बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में जनपद को जनवरी माह में विकास कार्यों में 36 वीं, राजस्व कार्यां में 21वीं व राजस्व व विकास कार्यां की



सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते डीएम अवनीश कुमार राय। • अमृत विचार

संयुक्त 28वीं रैंक प्राप्त हुई है इनमें से 65 कार्यक्रमों व परियोजनाओं में ए रैंकिंग, 05 में बी रैंकिंग, 03 में सी रैंकिंग, 04 में डी रैंकिंग प्राप्त हुई है तथा 08 ऐसे कार्यक्रम व परियोजनाएं हैं, जिसमें शूटिंग नहीं होती है अथवा कार्यक्रम जनपद में लागू नहीं है। उन्होंने बताया कि कुल 85 कार्यक्रमों की समीक्षा की जाती है। बताया कि मंडलायुक्त बरेली के निर्देश पर वह सहसवान-इस्लामनगर मार्ग व सहसवान-भवानीपुर मार्ग के नवीनीकरण के कार्यों का निरीक्षण करेंगे। सीवीओ डॉक्टर समदर्शी सरोज ने ब्लॉक व नगर निकायों में निर्माणाधीन स्थाई गौशाला व कान्हा गौशाला के सम्बंध में जानकारी दी। बताया कि जनपद के नगर निकायों में 270 व विकासखण्डों में 5129 गोवंश कुल 5399 गौवंश सहभागिता योजना में पशुपालकों को दिए गए हैं।

# नगला क्रासिंग बंद, अंडरपास से गुजरेंगे ग्रामीण

## रेलवे ने सड़कों पर खोदे गड्ढे, क्रासिंग से निकलने पर सख्ती से लगाई रोक, ग्रामीण बोले होगी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नगला गांव पर रेलवे ने अंडरपास बनाने के बाद अब रेलवे फाटक को पूरी तरह हटाकर बंद कर दिया है। फाटक उखाड़ कर अलग रख दिया है और लाइन के दोनों ओर गड्ढा खोद दिया है। जिसके बाद ग्रामीण क्रासिंग से नहीं निकल पाएंगे। आने जाने में अब अंडरपास का ही प्रयोग किया जाएगा।

रेलवे स्टेशन के निकटवर्ती नगला शर्की गांव पर दशकों से रेलवे फाटक था। इस रेलवे फाटक से ही ग्रामीणों का आना जाना रहता था। लेकिन गांव की जनसंख्या बढ़ने से ग्रामीणों का आना जाना भी बढ़ गया। लेकिन ट्रेन के आने जाने के समय फाटक को बंद किया जाता था जिससे स्कूली बच्चों व अन्य ग्रामीणों को काफी काफी देर तक खड़े रहना पड़ता था। पिछले साल रेलवे प्रशासन ने रेलवे फाटक पर अंडरपास का निर्माण शुरू करा दिया। जो अब बन कर तैयार



नगला गांव के पास लाइन पर खोदी मिट्टी। • अमृत विचार

हो गया है। अंडरपास से ही बड़े वाहन और दोपहिया वाहन आते जाते हैं। जबकि स्कूली बच्चे और महिलाएं फाटक खुला होने पर निकलते थे। गुरुवार को रेलवे कर्मचारियों ने रेलवे फाटक हटा दिया। रेल लाइन के दोनों ओर मिट्टी खोद दी गयी जिससे ग्रामीण इधर से न गुजर सकें। आज रेलवे फाटक पूरी तरह आवागमन के लिए बंद कर फाटक हटा दिया गया। रेलवे लाइन से आवागमन बंद हो जाने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। कहा कि गांव की आबादी सात हजार से अधिक है। ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली व अन्य वाहन हर समय निकालते हैं लेकिन अब दिक्कत होगी। कहा अब लोगों को अंडरपास से ही आना जाना होगा। इससे बच्चों को महिलाओं को दिक्कत होगी। अब तक स्कूली बच्चे व वृद्ध महिलाएं आराम से फाटक खुलने पर इधर उधर निकल सकती थीं। लेकिन आज से परेशानी पैदा हो गयी है। ग्रामीणों ने कहा कि रात के समय अंडरपास से निकलने में डर लगता है इसलिए कुछ लोग रात को अंडरपास से नहीं निकलते थे अब रात को अंडरपास से ही गुजरना होगा। रेलवे को फाटक बंद नहीं करना चाहिए था।

### अंडरपास के मुहाने की सड़क पर हैं गड्ढे

अंडरपास के दोनों सिरों पर सड़क जर्जर है। अंडरपास बनाने वाले वाहनों के गुजरने से सड़क पर गड्ढे हो गए हैं जिस पर लोगों का निकल पाना मुश्किल हो गया है। ठेकेदार ने सड़क पर कुछ दिन पूर्व मिट्टी डाल दी थी जो बारिश में धुल गयी। उसके बाद सड़क पर फिर से गड्ढे बन गए हैं। अंडरपास से गुजरने पर भी गांव के लोगों को परेशानी होती है। इसका समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों को गड्ढे के चलते हादसों की आशंका बनी हुई है।

### गांव के पानी निकास की नहीं हुई व्यवस्था

नगला गांव में पानी निकास को नाला निर्माण करा दिया गया है जबकि नाले के पानी को निकालने को जगह नहीं है। अंडरपास बन जाने से सड़क किनारे पड़े खाली जगह भी नहीं बची है। अब नाले का पानी गांव की सड़कों पर ही भरा रहेगा जिससे गांव में बारिश के समय जलभराव की समस्या पैदा हो जाएगी। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से मांग की है कि नाले के पानी को बाहर तक ले जाने को जगह बनाई जाए। जिससे गांव का पानी बाहर निकल सके। अंडरपास के कारण जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है।

# दुष्कर्म मामले की सीओ उझानी ने शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **सहसवान के चार वन दरोगाओं पर कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई थी रिपोर्ट**
- **लकड़ी माफिया पर रंजिशन रिपोर्ट दर्ज कराने का आरोप**

**अमृत विचार :** अवैध कटान रोकने को सख्ती करने पर एक लकड़ी माफिया ने चार वन दरोगाओं पर कोर्ट के माध्यम से दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त प्रकरण की जांच सीओ उझानी को सौंपी गयी है। सीओ का कहना है कि जांच की जा रही है जल्द ही रिपोर्ट सौंप दी जाएगी।

सहसवान क्षेत्र में अवैध कटान होता रहता है। इस पर सहसवान के रेंजर सुशील कुमार ने पिछले माह सख्ती करते हुए रोक लगाने का प्रयास किया। जिस पर कस्बे के ही एक लकड़ी माफिया ने तमाम तरह के आरोप लगाए। थाने में उनके खिलाफ अभद्रता करने की तहरीर दी गयी। लेकिन पुलिस ने रेंजर सुशील कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिसके बाद उक्त लकड़ी माफिया ने एक युवती के साथ रेंजर सुशील कुमार सहित चार वन कर्मियों के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराने को सीजेएम कोर्ट में याचिका दायर की। जिसके बाद उक्त चारो वन कर्मियों के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करने को सहसवान पुलिस को आदेशित किया गया। पुलिस ने सीजेएम कोर्ट के आदेश पर रेंजर सुशील कुमार, वन दरोगा सूरज मोहन, फॉरेस्टर देवेन्द्र कुमार और वन रक्षक पुष्पेंद्र के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर ली। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही उक्त प्रकरण की जांच सीओ उझानी को सौंपी गयी। सीओ उझानी डा. देवेंद्र कुमार ने बताया कि दुष्कर्म प्रकरण की जांच की जा रही है। लगभग जांच पूरी हो चुकी है। जल्द ही जांच रिपोर्ट सौंप दी जाएगी।

### वन क्षेत्र की बढ़ाई गयी सुरक्षा

सहसवान क्षेत्र में वन क्षेत्र मालपुर ततेरा वन क्षेत्र की पहरेदारी बढ़ा दी गयी है जिससे जिले एवं दूसरे जनपद के माफिया वन क्षेत्र में न घुस सकें। विभाग ने चौकी पर भी सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ा दी है।

# आशा-आंगनबाड़ी के बनेंगे आयुष्मान कार्ड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **जिले में कार्यरत हैं करीब 25 सौ आंगनबाड़ी और तीन हजार आशा वर्कर्स**

**अमृत विचार:** राज्य सरकार की ओर से आयुष्मान भारत योजना के दायरे का विस्तार किया है। इससे फ्रंटलाइन वर्करों को बड़ी राहत मिलेगी। अब आशा, आंगनबाड़ी और सहायिका को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। इन सभी पात्र लाभार्थियों और उनके परिवारों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज की सुविधा देश के किसी भी निजी अस्पताल में मिल सकेंगी। योजना का विस्तार होने से जिले के 9,353 फ्रंटलाइन वर्कर्स लाभान्वित होंगे।

जमीनी स्तर पर सेवा देने कर्मचारियों को गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक संकट से जूझना पडता था। स्वयं या फिर परिवार के सदस्य के बीमार होने पर किसी प्रकार की सरकारी मदद नहीं मिलती थी। जिसके चलते उनके सामने आर्थिक तंगी के हालात उत्पन्न हो जाते थे। फ्रंटलाइन वर्कर्स की इस समस्या को देखते हुए सरकार ने आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करते हुए इन्हें इसमें शामिल किया है। इस योजना के तहत अब आशा, आंगनबाड़ी और सहायिका को भी शामिल किया है। इन सभी के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे। जिले के सभी 15 ब्लॉकों और नगर क्षेत्र में 2498 आंगनबाड़ी और 1577 सहायिका कार्यरत हैं। वहीं 2778 आशा और करीब 25 सौ आशा संगिनी कार्यरत हैं। ये वे वर्कर्स हैं। जो जमीनी स्तर पर कार्य करते हैं। इस योजना से 9,353 वर्कर्स लाभान्वित होंगे।

### पांच लाख तक होगा मुफ्त इलाज

सीएमओ ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनने के बाद फ्रंटलाइन वर्कर्स जिले के सहित देश के सभी अधिकृत अस्पतालों में पांच लाख रुपए तक के इलाज का लाभ उठा सकेंगे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बनेंगे कार्ड

सीएमओ ने बताया कि आशा, आंगनबाड़ी और सहायिकाओं को आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने के लिए भागदौड़ न करनी पड़े इसके लिए कार्ड बनाने की व्यवस्था सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर की गई है। गोल्डन कार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आयुष्मान योजना पटल पर बनाए जाएंगे।

> आंगनबाड़ी और सहायिकाओं के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनेंगे। इस आशय का पत्र स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिला है। जिसके संबंध में सभी वर्कर्स को अवगत कराया जाएगा। जिससे वे योजना का लाभ उठा सके। -**प्रमोद कुमार**, जिला कार्यक्रम अधिकारी

# चीनी मिलों ने खरीदा 1.48 अरब का गन्ना, 63 प्रतिशत हुआ भुगतान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जनपद के किसानो का सातों चीनी मिलों ने अब तक करीब डेढ़ अरब का गन्ना खरीदा है। जिसमें से अब तक 63 प्रतिशत धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। शेष गन्ना मूल्य का भुगतान जल्द करने के निर्देश दिए गए हैं।

चालू गन्ना पेराई सत्र में जिले की दो चीनी मिलें और दूसरे जिलों की पांच चीनी मिलें गन्ने की खरीद कर रही हैं। इनमें अब तक सबसे अधिक गन्ने की खरीद बिसौली की यदु शुगर मिल, सहकारी चीनी मिल शेखूपुर और रूपापुर की चीनी मिल ने गन्ने की खरीद की है। जिसमें अब तक करीब 37 लाख क्विंटल से अधिक गन्ना खरीदा जा चुका है। गन्ना विभाग के आंकड़ों के अनुसार बिसौली चीनी मिल ने नौ लाख 17 हजार क्विंटल गन्ने की खरीद की है। शेखूपुर चीनी मिल ने 8 लाख 33 हजार क्विंटल, रजपुरा चीनी मिल ने



शेखूपुर चीनी मिल पर खड़े गन्ना लदे वाहन • अमृत विचार

- **जिले की दो समेत पांच चीनी मिलों पर किसानों ने बेचा 37 लाख क्विंटल गन्ना**
- **शासन की सख्ती पर तेजी से किया जा रहा भुगतान, बाकी के भुगतान का दिया निर्देश**

4 लाख 25 हजार क्विंटल, न्योली शुगर मिल ने 3 लाख 62 हजार क्विंटल, करीमगंज ने 3 लाख 97 हजार क्विंटल, फरीदपुर ने 97 हजार क्विंटल, मझावली चीनी मिल ने 1 लाख 74 हजार क्विंटल और हरदोई की रूपापुर चीनी मिल ने 5 लाख 64 हजार क्विंटल गन्ने की खरीद की है। उक्त गन्ने का कुल भुगतान मूल्य एक अरब 48 करोड़ 16 लाख है। उक्त धनराशि में से अब तक चीनी मिलों ने करीब 63 प्रतिशत भुगतान कर दिया है।

गन्ना विभाग के अनुसार सबसे अच्छा भुगतान करने वाली चीनी मिलों में रजपुरा, करीमगंज, फरीदपुर और रूपापुर चीनी मिलें हैं। उक्त चारों चीनी मिलें इस साल का गन्ना मूल्य भुगतान हर सप्ताह किसानों को कर रही हैं। जिन चीनी मिलों का भुगतान शेष है उनको जल्द भुगतान करने को कहा गया है जिससे गन्ना किसानों को समय से उनका पैसा मिल सके।

### 170 घंटे बंद रही शेखूपुर चीनी मिल

शेखूपुर चीनी मिल पेराई सत्र के दौरान तकनीकी और नो केन के चलते करीब 170 घंटे बंद रही है। जिससे मिल ने 87 हजार 500 क्विंटल कम गन्ने की पेराई की। यदि मिल बीच में बंद नहीं हुई होती तो किसानों का अधिक गन्ना मिल गेट तक पहुंच जाता है। मिल प्रबंधन के अनुसार आरसीबी में 5 घंटे मिल बंद रही। जबकि यांत्रिक कमियों के चलते 170 घंटे मिल में पेराई नहीं हो सकी।

### बिसौली चीनी मिल को नोटिस जारी

बिसौली चीनी मिल पर पिछले साल का करीब सात करोड़ का गन्ना मूल्य बकाया है। उक्त बकाया राशि का भुगतान करने को शासन ने एक बार फिर से चीनी मिल प्रबंधन को पत्र लिखा है। साथ ही गन्ना विभाग को भी भुगतान कराने को निर्देशित किया गया है। बिसौली चीनी मिल को इससे पहले भी दो बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

> बिसौली की यदु शुगर मिल को पिछले साल का भुगतान करने का फिर से नोटिस दिया गया है। अन्य चीनी मिलों पर चालू पेराई सत्र का बकाया धन भी जल्द दिलाया जाएगा जिससे गन्ना किसानों को दिक्कत न हो। बताया कि गन्ना किसानों को अपना शेष गन्ना जल्द मिल गेट तक पहुंचाने की हिदायत दी गयी है।
> -**अशर्फी लाल**, जिला गन्ना अधिकारी

**योजना** | कौशल विभाग द्वारा जिले में लागू हुआ दिशा पोर्टल

# पोर्टल के माध्यम से युवाओं को मिलेगा रोजगार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** युवाओं को अपना कौशल विकसित करने और रोजगार के अवसर हासिल करने के लिए प्रशिक्षण केंद्रों का चक्कर लगाने के लिए विवश होना पड़ता था। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। जिले में कौशल दिशा पोर्टल लागू हो चुका है। जिसे प्रदेश सरकार के कौशल विभाग द्वारा शुरू किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से अब युवा घर बैठे ही रोजगार परक कोर्स कर सकेंगे। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट भी मिलेगा।

प्रदेश सरकार कौशल विकास विभाग कौशल दिशा पोर्टल जिले में लागू हो चुका है। इस पोर्टल पर आईटी, डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रीशियन, पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी, फूड एवं बेवरेज सर्विस, हेल्थकेयर, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, एआई डाटा क्वालिटी एनालिस्ट, होम फर्निशिंग, सिलाई मशीन ऑपरेटर समेत विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध है। शुरू हुए इस पोर्टल के माध्यम से युवा मोबाइल, टैबलेट या लैपटॉप से अपनी सुविधा के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन ने बताया कि पोर्टल के माध्यम से रोजगार परक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए युवाओं को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। कोर्स की अवधि 300 से लेकर 1100 घंटे तक होगी, इससे युवाओं को रोजगार के लिए पूरी तरह तैयार किया जा सकेगा।

- **युवा घर बैठे होंगे ऑनलाइन कोर्स, डिजिटल सर्टिफिकेट मिलेगा**

### युवतियों के लिए लाभकारी साबित होगा पोर्टल

कौशल दिशा पोर्टल उन युवतियों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा। जो ग्रामीण आंचल से आती हैं। ग्रामीण आंचल से आने वाली युवतियां आर्थिक या सामाजिक कारणों से प्रशिक्षण केंद्रों तक नहीं पहुंच पाती थीं। अब वे घर बैठे डिजिटल माध्यम से कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। पोर्टल पर पाठ्यक्रम के साथ वीडियो ट्यूटोरियल, अभ्यास सामग्री और मूल्यांकन की सुविधा भी उपलब्ध है। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद युवाओं को रोजगार के लिए विभिन्न कंपनियों से भी जोड़ा जाएगा।

> सरकार के कौशल विभाग द्वारा कौशल दिशा पोर्टल शुरू किया गया है। जिसे जिले में लागू कर दिया है। इस पोर्टल अभी दस प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है। भविष्य में इसे और विस्तारित किया जाएगा। यह पोर्टल प्रदेश सरकार की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिस पर युवा रजिस्ट्रेशन कर प्रशिक्षण ले सकते हैं।
> **सुरेन्द्र कुमार वार्ष्णेय**, प्रभारी, जिला कौशल विकास मिशन प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

## आज दो पदयात्रा निकालेगी कांग्रेस

**बदायूं, अमृत विचार :** कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष व पार्टी के मनरेगा बचाओ अभियान के प्रभारी सुनीता सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव अविनाश पांडे के निर्देश पर 13 फरवरी को पूरे प्रदेश में पदयात्रा निकाली जाएगी। जिसके अंतर्गत बदायूं में भी 15 किमी पदयात्रा निकाली जाएगी। जो विधानसभा शेखूपुर क्षेत्र के गांव ककोड़ा से सुबह साढ़े 9 बजे शुरू होगी। गांव निधानपुर, गफ्फार नगला, रेवा, खिरिया बाकरपुर, पटोरा, बुर्रा फरीदपुर, फतेहपुर, नरऊ, उझानी नगर के डॉ. आंबेडकर पार्क तक जाएगी। पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह, उपाध्यक्ष सुरेश राठौर, शहर अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर ने कांग्रेसियों ने पदयात्रा में आने को कहा है। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव के अनुसार वह सदर विधानसभा के औरंगाबाद माफी से पलिया झंडा तक पदयात्रा निकालेंगे।

# पुलिस ने बाबा साहब की प्रतिमा हटवाई

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** बिना अनुमति के खेल मैदान पर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गई। सूचना मिलने पर दातागंज एसडीएम धर्मेंद्र कुमार, सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार और कई थानों की पुलिस पहुंची। मैदान से प्रतिमा को हटवा दिया गया। चेतावनी दी कि बिना अनुमति के ऐसा कार्य नहीं कर सकते।

थाना उसहैत क्षेत्र के गांव मिर्जापुर अतिराज में कुछ ग्रामीणों ने बुधवार को विद्यालय के खेल मैदान पर बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित कर दी। जिसके उद्घाटन की तैयारी चल रही थी। कुछ स्थानीय नेताओं को आमंत्रित भी कर दिया गया। गुरुवार सुबह अन्य ग्रामीणों को जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।



हंगामा करती महिलाओं को समझाते दातागंज एसडीएम धर्मेंद्र कुमार।

बिना अनुमति के स्थापित प्रतिमा हटवाने की मांग की। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। उसहैत, उसावां, हजरतपुर और कादरचौक थानों की पुलिस पहुंची। एसडीएम ने ग्रामीणों को प्रतिमा स्थापित करने के नियम के बारे में समझाया। कहा कि सार्वजनिक स्थान पर प्रतिमा स्थापित करने के लिए नियमानुसार अनुमति लेना जरूरी है। पुलिस ने प्रतिमा हटाने का प्रयास किया तो महिलाओं ने विरोध करते हुए हंगामा किया। मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। हालांकि अधिकारियों के समझाने के बाद ग्रामीण मान गए। पुलिस ने प्रतिमा हटवाकर गांव निवासी सूरज पाल की जगह पर रखवा दी। उसहैत पुलिस प्रतिमा की निगरानी करेगी। ग्राम प्रधान ने बताया कि जिस जगह पर प्रतिमा रखी गई थी वह स्कूल का खेल मैदान है।

# ओवरऑल चैंपियन बना कादरचौक, उझानी उप विजेता

## 42वीं क्रीड़ा प्रतियोगिता में कादरचौक को 143 और उझानी को मिले 75 अंक, पुरस्कार पाकर बच्चे उत्साहित होकर घरों को लौटे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** हाफिज सद्दीकी इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान में चल रही बेसिक शिक्षा विभाग के 42वीं बाल क्रीड़ा व शैक्षिक समारोह का तीसरे दिन समापन हो गया। विकास क्षेत्र कादरचौक 143 अंक प्राप्त करके ओवरऑल चैंपियन बना। विकास क्षेत्र उझानी ने 75 अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान हासिल किया। बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह और शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने विजेताओं को सम्मानित किया। बाल क्रीड़ा महोत्सव में कादरचौक ब्लॉक ने 11 वीं बार चैंपियनशिप जीती है।

बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में व्यक्तिगत चैंपियनशिप प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में संविलियन विद्यालय बोंदरी कादरचौक के छात्र प्रशांत ने व प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में संविलियन विद्यालय जलालपुर कादरचौक की सगोपी ने जीती। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में व्यक्तिगत चैंपियनशिप उच्च प्राथमिक विद्यालय तेहरा उझानी के आकाश ने एवं उच्च प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में संविलियन विद्यालय अरसिस विकास क्षेत्र सलारपुर की दीक्षा ने व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीती। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को पहली बार प्रमाण पत्र दिए गए। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि खेल गतिविधियां बच्चों को हष्ट पुष्ट और स्वस्थ बनाती हैं। इन्ही बच्चों में से प्रतिभावान बच्चे खेल गतिविधियों के माध्यम से आगे बढ़ते हैं और ओलंपिक गेम्स में प्रतिभाग कर भारत का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त विजेताओं को पूर्ण मनोयोग से अपना अभ्यास जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय प्रचार मंत्री संजीव शर्मा, उदयवीर सिंह यादव, सुशील चौधरी, दुष्यंत रघुवंशी, प्रदीप गुप्ता सहित अन्य शिक्षक और खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।


विजेता खिलाड़ी को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते बीएसए। ● अमृत विचार


वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी ● अमृत विचार


चैंपियन ट्रॉफी के साथ शिक्षक और बीएसए। ● अमृत विचार

### अंतिम दिन ये हुई प्रतियोगिताएं

बाल क्रीड़ा समारोह के अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में कादरचौक विजेता व सलारपुर उपविजेता रहा। लंबी कूद में सोनू सलारपुर प्रथम, अर्जुन जगत द्वितीय एवं अनुराग उझानी तृतीय स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता में दहगवा की टीम विजेता बनी वहीं अंबियापुर की टीम उप-विजेता बनी। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग कबड्डी में अंबियापुर टीम विजेता व दहगवां उपविजेता रही। ऊंची कूद में टिंकू दहगवा प्रथम, अभिषेक दातागंज द्वितीय, प्रदीप जगत तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक में शैलेश म्याऊं प्रथम, कौशल म्याऊं द्वितीय, रिहान वजीरगंज तृतीय स्थान पर रहे। चक्का फेंक में प्रदीप जगत प्रथम, मोहित सलारपुर द्वितीय, राहुल उझानी तृतीय स्थान पर रहे। कबड्डी में अंबियापुर विजेता एवं दहगवा उप-विजेता रहा। पीटी प्रदर्शन में कादर चौक विजेता एवं अंबियापुर उप-विजेता रहा। बैडमिंटन सिंगल्स में दिव्यांश इस्लामनगर विजेता और विकास कादरचौक उपविजेता रहे। बैडमिंटन डबल्स में इस्लामनगर विजेता एवं म्याऊं उप- विजेता रहा। वॉलीबॉल में कादर चौक विजेता एवं इस्लाम नगर उप-विजेता रहा। समूह गान में कादर चौक विजेता व उझानी उप-विजेता रहा। एकांकी नाटक में कादर चौक विजेता एवं उझानी उप-विजेता रहा।

### बैडमिंटन सिंगल्स में पायल बनी विजेता

उच्च प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में बैडमिंटन सिंगल्स में पायल कादर चौक विजेता, सोनम वजीरगंज उपविजेता रही। बैडमिंटन डबल्स में म्याऊं विजेता एवं कादरचौक उप-विजेता रहा। वालीबाल में कादर चौक विजेता एवं जगत उप-विजेता रहा।

● लगातार 11वीं बार कादरचौक ने अपने नाम की चैंपियनशिप

● प्राथमिक और उच्च प्राथमिक के बच्चों में खेलों के प्रति दिखा जोश


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### आकाशवाणी से अहमद अमजदी बदायूंनी का प्रसारण आज

**बदायूं, अमृत विचार :** सामाजिक साहित्यिक संस्था कारवान ए अमजद अकादमी के संस्थापक अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी सचिव अहमद अमजदी बदायूंनी का नातिया शायरी का प्रसारण शेरी नशिस्त के अंतर्गत शुक्रवार को सुबह 9 :30 बजे आकाशवाणी रामपुर से प्रसारित किया जाएगा। शायरी के शौकीन लोग यह कार्यक्रम रेडियो के साथ साथ अपने मोबाइल पर भी सुन सकते हैं।

### आकाशवाणी पर प्रसारित होगी शम्स की शायरी

**बदायूं, अमृत विचार :** शायर व समाजसेवी शमसुद्दीन उर्फ शम्स की नातिया शायरी की रिकॉर्डिंग 9 फरवरी को रामपुर आकाशवाणी पर की गई थी। जिसका प्रसारण 13 फरवरी को सुबह साढ़े 9 बजे किया जाएगा। इससे पहले भी उनकी गजलों का प्रसारण 21 सितंबर को हो चुका है। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव व पदेन जेल विजिटर हैं। वह कई जिलों में कलाम पेश कर चुके हैं। वह समाज में फैली विसंगतियों पर ज्यादा रचनाएं लिखते हैं।


शमसुद्दीन।

### राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष बने मुकेश चौधरी

**बिसौली, अमृत विचार :** विकासखंड बिसौली क्षेत्र के गांव रमपुरिया में राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह का आगमन हुआ। यहां उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित रहते हुए नवीन पार्टी अध्यक्ष को मनोनयन पत्र सौंपा। रमपुरिया गांव में आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्ष चुने जाने के बाद क्षेत्रीय अक्ष्यक्ष ने कहा कि किसान की परेशानी में वह उसके साथ हमेशा खड़े रहेंगे। कहा कि पार्टी ने उन पर बहुत भरोसा करते हुए ये जिम्मेदारी दी है। इस पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए पार्टी हित में कार्य करते रहेंगे। मुकेश चौधरी को अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

# भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने की यूजीसी को वापस लेने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● परिषद की अवध प्रान्त की बैठक में वक्ताओं ने रखे समान्तर विचार

**अमृत विचार :** गुरुवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद, अवध प्रान्त, की एक बैठक बिल्सी के गांव मूसेपुर में हुई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राम अवतार मिश्रा ने की। संचालन ब्लाक अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने किया। बैठक में यूजीसी को वापस लेने की सरकार से मांग की गयी।

बैठक में राम अवतार मिश्रा ने कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है, अधर्म की वृद्धि होती है, अन्याय, अत्याचार और घोर शोषण होता है तो भगवान स्वयं अवतार लेते हैं, धर्म की स्थापना करते हैं। इसलिए हम सब ईश्वर की आराधना अवश्य करते रहें, येन केन प्रकारेण शिक्षा अवश्य प्राप्त करने का प्रयास करते रहें। आजीविका के कार्य अवश्य करते रहें, और अपने हितों के संरक्षण का भी प्रयास भी करना हमारा अधिकार है। "यूजीसी समानता के अधिकार के प्रतिकूल है। सवर्ण छात्र छात्राओं का जीवन तवाह करने वाला तथा समाज में संघर्ष को बढ़ाने वाला है। इसका तब तक विरोध करना है जब तक सरकार इसे वापस न ले ले।

तहसील बिल्सी अध्यक्ष सोनू शर्मा ने कहा कि प्रत्येक जाति और धर्म में कुछ लोग ही बुरे होते हैं। पूरी जाति अथवा धर्म नहीं। लेकिन यह जो "घूसखोर पंडित "है यह सम्पूर्ण ब्राह्मण जाति का अपमान है, छवि खराब करने वाला है। अतः सरकार इस पर अविलंब रोक लगाये। ब्लाक अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने कहा कि हमें संगठन को मजबूत करना होगा।

बैठक में शेष चन्द्र शर्मा, धर्मेंद्र पाल शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, प्रवेश कुमार उपाध्याय, अनमोल भारद्वाज, राजेन्द्र पाल शर्मा, कौशल राजोरिया, राम दत्त शर्मा, अनोज राजोरिया, विनय भारद्वाज, रिंकू शर्मा, लवलेश कुमार शर्मा, सोनू पाठक, राम शरण शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, श्याम शर्मा, जतिन शर्मा, सुबोध शर्मा, राम हरि शर्मा, अमरीश शर्मा, पवन शर्मा, सचिन शर्मा, अंकित शर्मा, रचित शर्मा, रमन शर्मा, करने शर्मा आदि ने सरकार द्वारा लागू किए गए "यूजीसी को वापस लेने तथा" घूसखोर ब्राह्मण "पर अविलंब रोक लगाने की मांग की।

# गाय को पीटा, विरोध करने वाले युवक से भी मारपीट

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के हसनपुर स्थित नाएरा पेट्रोल पंप के पास गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे सर्विस रोड पर गाय के साथ बर्बरता का मामला सामने आया। कस्बा निवासी दीपक शर्मा पुत्र वीरेंद्र कुमार शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

तहरीर के अनुसार दीपक शर्मा बाइक से खेत की ओर जा रहे थे। रास्ते में गांव बनेई निवासी अकरम पुत्र अनवर और तारीक पुत्र गुलजारी एक गाय को रस्सी स बांधकर ले जाते नजर आए। वह दोनों गाय को पीट रहे थे। दीपक ने पीटने का विरोध किया तो दोनों लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस पहुंची। गाय को गांव में ही सुरक्षित बंधवा दिया। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सिविल बार एसोसिएशन के योगेश भारद्वाज अध्यक्ष, रवींद्र बने सचिव

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** सिविल बार एसोसिएशन बिसौली का वार्षिक चुनाव गुरुवार को संपन्न हुआ। जिसमें योगेश भारद्वाज अध्यक्ष और रवींद्र सचिव पद पर निर्वाचित हुए।

सिविल बार एसोसिएशन में अध्यक्ष पद के लिए पंकज शर्मा और योगेश भारद्वाज ने, व महासचिव हेतु अंसार अली और रवींद्र प्रकाश शर्मा ने अपनी उम्मीदवारी दर्ज की थी। दो दिन पूर्व नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही उपाध्यक्ष समेत तीन महत्वपूर्ण पदों पर से निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें लेखराज सिंह को उपाध्यक्ष, पूनम यादव को कोषाध्यक्ष, और रामलखन यादव को सह सचिव पद हेतु सर्वसम्मति से चुना गया। गुरुवार को अध्यक्ष और महासचिव पद के लिए चुनाव हुआ। जिसमें कुल 62 अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। चुनाव में जिसमें योगेश भारद्वाज को 18 वोट की तुलना में 44 वोट मिले वहीं महासचिव पद के लिए रवींद्र प्रकाश शर्मा अपने प्रतिद्वंदी अंसार अली के 14 की तुलना में 47 मत प्राप्त कर विजयी घोषित किए गए। महासचिव के लिए एक मत निरस्त किया गया। अधिवक्ता पंकज शर्मा को अधिवक्ता योगेश भारद्वाज ने 26 मतों से पराजित कर अपना परचम लहराया। वर्तमान अध्यक्ष रामशरण शर्मा ने नव निर्वाचित बार पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।


नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन पदाधिकारी ● अमृत विचार

# त्योहारों पर शांति बनाए रखने की अपील

संवाददाता, कादर चौक

**अमृत विचार :** आगामी होली और रमजान के त्योहारों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। गुरुवार को थाना परिसर में थानाध्यक्ष ने धर्मगुरुओं के साथ धार्मिक समिति की बैठक की ।

बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी (एसडीएम) मोहित कुमार ने की, उझानी क्षेत्राधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी से अपील की कि त्योहारों को आपसी भाईचारे, सौहार्द और शान्ति के साथ मनाया जाए। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें।

एसडीएम मोहित कुमार ने कहा कि प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली और रमजान जैसे पर्व आपसी प्रेम और सद्भाव के प्रतीक हैं, जिन्हें मिल-जुलकर मनाया जाना चाहिए।

बैठक में कादरचौक प्रधान दिनेश कुमार उर्फ धारा भैया, पप्पू कोटेदार, राजेश गुप्ता, रमेश कश्यप (पूर्व प्रधान लभारी), पंकज मिश्रा, रवि प्रधान (मामूरगंज), ज्ञान चंद्र उर्फ गब्बू, मनोज प्रधान (चौडेरा), चिरौंजी प्रधान (कचोरा), महेंद्र पाल शाक्य सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।


पीस कमेटी की बैठक में मौजूद गणमान्य लोग और अधिकारी। ● अमृत विचार

# दस दिवसीय विश्वकर्मा प्रशिक्षण का हुआ समापन

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** ब्लॉक सलारपुर प्रांगण में राज्य सरकार द्वारा विश्वकर्मा प्रशिक्षण कार्य 10 दिनों से चल रहा था। जिसमें विश्वकर्मा बढ़ई, लोहार, दर्जी, हलवाई, राजमिस्त्री, कुम्हार, आदि को प्रदेश सरकार द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जिसका समापन बृहस्पतिवार को किया गया। समापन पर उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता, प्रधान सहायक फारूक द्वारा प्रशिक्षण में मौजूद लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट व्यवहार करने वाले नन्हे लाल शर्मा , सुरेश चंद्र शर्मा को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम सामान्यक नवीन कुमार, अफजल हुसैन, सायरा बी, स्वाति सिंह, यशपाल, इरम, सहित समस्त लोग मौजूद रहे।



प्रशिक्षण के समापन पर मौजूद अधिकारी ● अमृत विचार

## बदायूं डायरी

### छोटी से छोटी घटना को भी न करें नजरअंदाज - एसएसपी

**विजय नगला, अमृत विचार :** एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने गुरुवार को थाना बिनावर का वार्षिक निरीक्षण किया। आईजीएसएस और मिशन शक्ति संबंधी रजिस्टर देखे। अच्छा काम करने पर नगद इनाम भी दिया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने हवालात, मालखाना, महिला हेल्पडेस्क, शस्त्र गृह, मैस आदि की स्थिति देखी। थाने की व्यवस्था दुरुस्त मिली। उन्होंने पुलिसकर्मियों से उनका हाल जाना। कहा कि आने वाले त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र के खुराफातियों पर नजर बनाए रखें। छोटी से छोटी घटना को भी नजरअंदाज न करें। इसमें किसी भी प्रकार की हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फरियादियों की समस्या शांतिपूर्वक सुनकर निस्तारित कराएं। बीट प्रभारी तत्काल थाने पर सूचना दें। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह, उप निरीक्षक दिनेश तिवारी, रविंद्र कुमार शुक्ला, सर्वेश कुमार, हेड मोहर्रिर मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।





### भगवा सेना ने अवर अभियंता को किया सम्मानित

**बदायूं, अमृत विचार :** विद्युत विभाग के अवर अभियंता रामकिशोर श्रीवास्तव के पदोन्नत होने पर श्री भगवा सेना के पदाधिकारियों ने उसहैत नगर पंचायत स्थित विद्युत उपकेंद्र पर कार्यक्रम किया। माल्यार्पण करके उनका सम्मान किया। संगठन के संस्थापक ध्रुव देव गुप्ता के निर्देशन में पदाधिकारियों ने सम्मान कार्यक्रम रखा। हिमांशु और आकाश सैनी ने मांग की कि उसहैत विद्युत उपकेंद्र का स्टाफ उपभोक्ताओं की हर समस्या का निपटारा समय से करें। अवर अभियंता ने कहा कि विभाग के कर्मचारी अपनी जान पर खेलकर विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ रखते हैं। थोड़ी अनियमितताएं हो सकती हैं। कभी कभार तकनीकी समस्या से दिक्कत आ सकती है लेकिन विभाग बहुत अनुशासित व जिम्मेदार है। सोनू, पुष्पराज, अनुज श्रीवास्तव, विपनेश राठौर, अरविंद सक्सेना, शिवा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



### इस्लामिया कॉलेज के बच्चों को लगाया खसरे का टीका

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के इस्लामिया इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर खसरा उन्मूलन अभियान के तहत टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एएनएम सरोज द्वारा कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं को खसरे की वैक्सीन लगाई गई। बच्चों ने पूरे सहयोग के साथ टीका लगवाया। विद्यालय के जीव विज्ञान विषय के अध्यापक अरुण कुमार ने छात्र-छात्राओं को खसरे से बचाव की जानकारी दी। समय पर टीकाकरण से इस बीमारी से बचाव संभव है। प्रधानाचार्य अंबुज वार्ष्णेय ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस मौके पर धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव, कैलाश चंद्र सक्सेना, मोहित यादव, असफिया खान, राधा, शिवांगी सागर, खुशबू खान, मारिया राईन सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### खो खो प्रतियोगिता में भानपुर की छात्राओं ने रचा इतिहास

**बिसौली , अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा 42 वीं जनपदीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन इस्लामिया इंटर कॉलेज बदायूं में किया गया । जिसमें विभिन्न विकास क्षेत्रों के छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। इन प्रतियोगिताओं में विकास क्षेत्र बिसौली भी अछूता नहीं रहा। खो खो के खेल में उच्च प्राथमिक विद्यालय भानपुर की बालिकाओं ने भी अपना लोहा मनवाया। जूनियर स्तर बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय भानपुर ने उप विजेता बनकर विकास क्षेत्र बिसौली का मान बढ़ाया। बीईओ राजेंद्र प्रसाद एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मधुकर उपाध्याय व मंत्री अनुज कुमार शर्मा ने उच्च प्राथमिक विद्यालय भानपुर के खेल प्रशिक्षक, प्रधानाध्यापक सचिन शर्मा सहित समस्त विद्यालय परिवार को बधाई दी।



## यूपी बोर्ड

नकल रोकने के लिए गठित किए गए 6 सचल दल

# परीक्षा केंद्रों पर पहुंचनी शुरू हुईं उत्तर पुस्तिकाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से पूरी की गईं तैयारियां

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू होने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। परीक्षा निर्धारित तिथि पर शुरू होगी। जिसमें सप्ताह भर से भी कम समय बचा है। माध्यमिक शिक्षा विभाग तेजी से तैयारी कर रहा है। विभाग को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पांच लाख के आस पास उत्तरपुस्तिकाएं प्राप्त हुई हैं। इनका वितरण शुरू हो गया है। केंद्र व्यवस्थापक उत्तर पुस्तिकाओं को परीक्षार्थियों की संख्या के आधार पर उत्तर पुस्तिकाएं ले जा रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से सभी केंद्र व्यवस्थापकों को कॉपियों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने के आदेश दिए गए हैं।

यूपी बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेंगी। जिले के 98 केंद्रों पर परीक्षा कराई जाएगी। पहली पाली सुबह साढ़े 8 से पौने 12 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम सवा 5 बजे तक रहेगी।

परीक्षा शुरू होने में मात्र छह दिन का ही समय बचा है। समय कम होने पर विभाग की तैयारी लगभग अंतिम चरण में है। यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए विभाग को उत्तरपुस्तिकाएं प्राप्त हो गई हैं। जिसमें हाईस्कूल की करीब सवा दो लाख और ए और 90 हजार के आस पास बी उत्तरपुस्तिकाएं और इंटरमीडिएट की पौने दो लाख एक और 55 हजार के आस पास बी उत्तरपुस्तिकाएं मिली हैं। जिन्हें राजकीय इंटर कॉलेज में रखा गया है। उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण निर्धारित स्थान से शुरू कर दिया गया है। केंद्र व्यवस्थापक कड़ी सुरक्षा के बीच उत्तर पुस्तिकाओं को विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर उत्तर पुस्तिकाओं को ले जा रहे है। जिला विद्यालय निरीक्षक लालजी यादव ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण शुरू हो गया है। उत्तर पुस्तिकाओं को कड़ी सुरक्षा में रखने के आदेश केंद्र व्यवस्थापकों को दिए गए हैं।

### गठित हुए छह सचल दल

बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए प्रशासन की ओर से शासन के आदेश पर छह सचल दलों का गठन किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वरिष्ठ प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, वित्त एवं लेखाधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी नगर, प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल सतेती गजा को सचल दल का प्रभारी बनाया गया है। प्रत्येक सचल में पांच पांच शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

> उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण शुरू हो गया है। केंद्र व्यवस्थापकों को डबल लॉक में रखने के आदेश दिए गए हैं। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए छह सचल दल गठित किए गए हैं। परीक्षा शासन की मंशा के अनुसार संपन्न कराई जाएगी।
>
> **लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक

# भागवत कथा का समापन, भंडारा हुआ

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम बमेढ़ में विगत सात दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापन बृहस्पतिवार को हवन-पूजन व पूर्णाहुति के साथ हुआ। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

कथा के अंतिम दिन आयोजकों की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यहां कथावाचक रामनरेश चेतन ने सात दिनों तक भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भक्ति, धर्म व सदाचार का महत्व बताया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण कथा श्रवण के लिए उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। भंडारे में लोगों ने बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफल बनाने में मृंगाक जैन टीटू, पप्पू सिंह, पदमसिंह, ओमपाल सिंह प्रधान, सोनू यादव, कुंवरपाल सिंह, सत्यवान सिंह आदि का विशेष सहयोग।

